आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

नये जमाने के साथ

# यश भारत

● वर्ष- 15 अंक 348 ● कटनी ● मंगलवार, 25 जनवरी, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● माघ कृष्ण पक्ष-8 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिन करें

WWW.yashbharat.co.in

# वर्धा में कार नदी में, 7 मेडिकल छात्रों की मौत

**वर्धा।** महाराष्ट्र के वर्धा जिले में कार हादसे में सात डठठै छात्रों की दर्दनाक मौत हो गई है। मिली जानकारी के मुताबिक मरने वालों में भाजपा विधायक का बेटा भी शामिल है। सभी डठठै छात्र परीक्षा खत्म होने के बाद कार से खाना खाने के लिए होटल में गए थे और वापसी में कार हादसे का शिकार हो गई और नदी में गिर गई। सातों एमबीबीएस छात्रों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इस बीच पीएम मोदी ने महाराष्ट्र के सेलसुरा के पास दुर्घटना में जान गंवाने वालों के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2-2 लाख रुपये और घायलों को 50,000रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने यह जानकारी दी है।



**भाजपा विधायक विजय रहांगदले के बेटे की मौत**

महाराष्ट्र के वर्धा जिले में भीषण स ?क हादसा हुआ है।



इस हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई है, जिनमें भाजपा विधायक विजय रहांगदले का बेटा आविष्कार रहांगदले भी शामिल था। यह हादसा सोमवार को रात 11रू30 बजे

## मरने वालों में बीजेपी विधायक का बेटा भी शामिल

के करीब वर्धा के सेलसुरा में तेज रफ्तार कार पुल के नीचे जा गिरी। इस हादसे में कार में सवार सभी 7 लोगों की मौत हो गई। जिल के पुलिस अधीक्षक प्रशांत होल्कर ने बताया कि ये सभी लोग छात्र थे और वर्धा जा रहे थे।।

## इंदौर में 21 मरीजों में बीए-2 वैरिएंट मिला

# 1 और 2 महीने के बच्चे भी, प्रदेश में 8 और मौतें



**भोपाल।** इंदौर में ओमिक्रॉन के सब वैरिएंट बीए-.2 की 21 मरीजों में पुष्टि हुई है। अरबिंदो मेडिकल कॉलेज की लैब ने ओमिक्रॉन के नए वैरिएंट की 21 मरीजों में पहचान की है। इनमें नए वैरिएंट वाला संक्रमण मिला है। लंग्स इनवॉल्मेंट 35 से 40: तक है। संक्रमित होने वाले 21 मरीजों में 1 माह, 2 माह, 7 साल, 10 साल और 17 साल के बच्चे भी शामिल हैं। सबसे अधिक उम्र वाले मरीज की उम्र 86 साल है। मध्यप्रदेश में संक्रमण से 1 दिन में 8 और मौतें रिपोर्ट हुई हैं। भोपाल में 2024 नए मामले सामने आए हैं। इंदौर में 1963 संक्रमित मिले हैं। 3 की मौत भी रिपोर्ट हुई। जबलपुर में 840 केस मिले। यहां भी 3 मौतें रिपोर्ट हुई हैं। 1-1 मौत ग्वालियर और सागर में भी रिपोर्ट हुई। ग्वालियर में 411 और होशंगाबाद में 247 पॉजिटिव केस मिले। सागर में एक 64 वर्षीय बुजुर्ग महिला की कोरोना से मौत रिपोर्ट की गई है।

### ग्वालियर में 33 साल की महिला की मौत

कोरोना संक्रमण के चलते रविवार-सोमवार की रात परिवार सुपर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल में इलाज के दौरान एक महिला की मौत हो गई। मृतका का नाम नम्रता जैन (33) निवासी रामबाग कॉलोनी बताया गया है। ग्वालियर में इस महीने कोरोना संक्रमण से यह 6वीं मौत है। मरने वालों में 5 ग्वालियर के और एक मुरैना का रहने वाला था।

### जबलपुर में भी हुई मौतें

जबलपुर में संक्रमण से 1 दिन में 3 जानें गईं। नेपियर टाउन में 85 वर्षीय बुजुर्ग हृदय रोग से पीा ?त थे। गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराए गए। जांच में संक्रमित मिले थे। शीतला माई निवासी 49 वर्षीय पुरुष की भी इलाज के दौरान मौत हो गई। दमोह की 77 साल की महिला ने भी दम तो ?ा। दोनों को भी दूसरी बीमारियां थी।

## किसी को असीमित समय तक जेल में नहीं रख सकते: कोर्ट

**नई दिल्ली।** 'जेल नहीं जमानत' के न्यायिक सिद्धांत पर जोर देते हुए भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि राष्टीय सुरक्षा के खतरे की आशंका के आधार पर किसी व्यक्ति को असमीमित समय तक जेल में नहीं रखा जा सकता.भारतीय सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर जांच चल रही है तो सिर्फ इस अंदेशे पर किसी को असीमित समय तक जेल में बंद नहीं रखा जा सकता कि वह व्यक्ति किसी ऐसी गतिविधि में शामिल रहा होगा जिससे राष्ट्र की सुरक्षा को खतरा हो सकता है. जस्टिस डीवाई चंद्रचू ? और दिनेश माहेश्वरी की बेंच ने यह टिप्पणी सोमवार को मोहम्मद इनामुल हक के केस की सुनवाई के दौरान की. इनामुल हक को सीमा पार से जानवरों की तस्करी के आरोप में पक ?ा गया था. इसी मामले में बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) के एक कमांडेंट को भी गिरफ्तार



किया गया था. आरोप था कि आरोपी कमांडेंट सीमा पार से तस्करी में शामिल था और उससे होने वाली कमाई का हिस्सा राजनीतिक दलों को भी जा रहा था. 14 महीने से जेल में बंद कोर्ट ने इनामुल हक को जमानत दे दी. उनकी पैरवी कर रहे वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने कहा कि सीबीआई ने 6 फरवरी 2021 को जानवरों की तस्करी के मामले में चार्जशीट दाखिल की थी और 21 फरवरी को अतिरिक्त आरोप जो ? गए थे

## भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन संभाग में ठंड ने पकड़ा जोर

भोपाल। मध्यप्रदेश में एक बार फिर ठंड ने जोर पक ? लिया है। दिन और रात का तापमान सामान्य से नीचे आ गया है। ग्वालियर, उज्जैन, भोपाल, इंदौर, जबलपुर और होशंगाबाद संभागों में क ?ाके की ठंड प ? रही है। मौसम वैज्ञानिक वेद प्रकाश के अनुसार 4 दिन तक इसी तरह ठंड रहेगी। अधिकतम और न्यूनतम तापमान नीचे जा सकता है। बुंदेलखंड, महाकोशल और बघेलखंड में तापमान 3 से 5 डिग्री और पश्चिमी इलाके जैसे- भोपाल, इंदौर, उज्जैन और ग्वालियर चंबल में 2 से 4 डिग्री तक की गिरावट आ सकती है।

### कांग्रेस को बहुत बड़ा झटका मिलने जा रहा है

## स्टार प्रचारक आरपीएन सिंह बदलेंगे पाला

**एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव से ठीक पहले भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) कांग्रेस को बहुत ब ?ा झटका देने जा रही है। पूर्व केंद्रीय मंत्री और राहुल गांधी की टीम में प्रमुख चेहरा रहे आरपीएन सिंह बीजेपी का दामन थाम सकते हैं। सूत्रों ने बताया कि नई दिल्ली में बीजेपी का केंद्रीय नेतृत्व उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाएगी। दिलचस्प बात यह है कि एक दिन पहले ही कांग्रेस ने स्टार प्रचारकों की



जो लिस्ट जारी की है उसमें आरपीएन सिंह का भी नाम है। पडरौना राजघराने से आने वाले आरपीएन के जरिए बीजेपी एक तीर से दो निशाना साधने जा रही है। बीजेपी उन्हें स्वामी प्रसाद मौर्या के खिलाफ पडरौना से उतार सकती है। हालांकि, स्वामी के टिकट की घोषणा अभी नहीं हुई है।




### शेयर बाजार में छठवें दिन भारी गिरावट

## सेंसेक्स 1000 पॉइंट टूटा, पहले ही मिनट में निवेशकों के 4.5 लाख करोड़ डूबे

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में आज लगातार छठें दिन गिरावट है। बाजार खुलते ही पहले मिनट में सेंसेक्स 1000 पॉइंट्स टूट गया है। यह 56,654 पर कारोबार कर रहा है। निवेशकों को 4.5 लाख करो ? रुपए का घाटा हुआ है। कल मार्केट कैप 260.44 लाख करोड़ रुपए था जो आज 255.5 लाख करोड रुपए हो गया है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सेंसेक्स आज 333 पॉइंट्स गिर कर 57,158 पर खुला था। पहले घंटे में यही लेवल इसका ऊपरी स्तर था। बाद में इसने 56,409 का निचला स्तर बनाया। सेंसेक्स के 30 शेयर्स में से 6 शेयर्स ब ?त में और बाकी 24 गिरावट में हैं।



शेयर बाजार में गिरावट का सिलसिला मंगवार को भी जारी रहा। सेंसेक्स 1000 अंकों की गिरावट के साथ खुला और 57000 के स्तर से नीचे आ गया। वहीं निफ्टी भी 16850 पर आ गया। इससे पहले सोमवार को मार्केट बंद होते समय 1,546 अंक या 2.6 फीसदी की गिरावट के साथ 57,492 पर बंद हुआ था। वहीं 468 अंक या 2.7 फीसदी की गिरावट के साथ 17,149 पर था। सोमवार तक के आंक ?ों के मुताबिक, छह कारोबारी दिनों में बाजार 3817.4 अंक टूट चुका है और निवेशकों की संपत्ति 19 लाख करो ? घटी है। इससे पहले गत 20 दिसंबर को सोमवार के ही दिन 1189.73 अंक की गिरावट दर्ज की गई थी।



### पूर्व क्रिकेटर गौतम गंभीर कोरोना संक्रमित

नई दिल्ली। पूर्व भारतीय क्रिकेटर और राज्यसभा सांसद गौतम गंभीर कोरोना संक्रमित हो चुके हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी है। गंभीर कोरोना के हल्के लक्षण थे इसके बाद उन्होंने अपनी जांच कराई थी और उनकी रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई है। कोरोना संक्रमित होने के बाद गंभीर ने अपने ट्विटर हैंडल पर यह जानकारी दी है और उन सभी लोगों से कोरोना की जांच कराने को कहा है, जो पिछले कुछ दिनों में उनके संपर्क में आए थे। गौतम गंभीर ने अपने कोरोना संक्रमित होने की जानकारी देते हुए ट्वीट किया ष्कोरोना के हल्के लक्षण महसूस करने के बाद जांच में मेरी रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई है।

## अमेरिकी राष्ट्रपति की बदजुबानी महंगाई के सवाल पर भड़के बाइडेन

### पत्रकार को कहा- स्टूपिड सन ऑफ बिच

**एजेंसी।** अमेरिका में ब ?ती महंगाई के सवाल पर राष्ट्रपति जो बाइडेन इतने नाराज हो गए कि उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में सवाल पूछने वाले पत्रकार को गाली दे दी। बाइडेन का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। कुछ लोग यह सवाल भी पूछ रहे हैं कि क्या बाइडेन ने जब गाली दी तो उन्हें पता था कि उनका माइक चालू है। दरअसल फॉक्स न्यूज के रिपोर्टर पीटर डूसी ने बाइडेन से पूछा कि देश में लगातार ब ? रही महंगाई से मिड टर्म इलेक्शन में आपकी पार्टी का कितना नुकसान होगा। इस पर बाइडेन ने जवाब दिया कि इससे नुकसान नहीं फायदा होगा और इसके बाद पत्रकार को श्स्टूपिड सन ऑफ बिच कहा ।बाइडेन पहले भी कई बार पत्रकारों को फटकार लगा



चुके हैं। पिछले हफ्ते, फॉक्स न्यूज की एक महिला रिपोर्टर ने यूक्रेन मामले पर उनसे सवाल पूछा था कि आप रूस के राष्ट्रपति के पहले कदम उठाने का इंतजार क्यों कर रहे हैं? इस पर बाइडेन ने गुस्से में कहा कि क्या बेवकूफी भरा सवाल है।अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन को सत्ता में आए एक साल पूरा हो चुका है। उनके कई फैसलों पर सवालिया निशान लगते रहे हैं, लेकिन अफगानिस्तान से सैन्य वापसी पर उनसे अब भी सवाल पूछे जा रहे हैं।



## भारतीय रेलवे ने रद्द की 476 ट्रेनें, वजह स्पष्ट नहीं

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने आज 25 जनवरी को 476 ट्रेनों को रद्द कर दिया है। रेलवे की ओर से जानकारी दी गई है कि जो ट्रेनें आज से चलने वाली थीं, उन्हें रद्द कर दिया गया है। हालांकि अभी तक भारतीय रेलवे ने ट्रेनों के रद्द होने की वजह स्पष्ट नहीं की है। 26 ट्रेनों को आंशिक रूप से रद्द किया गया है। अगर आप जानना चाहते हैं कि आप जिस ट्रेन से यात्रा करने वाले थे वह ट्रेन कैंसिल तो नहीं हुई है तो इसकी जानकारी आप छ्ज्ब्ज्ञ की वेबसाइट से ले सकते हैं ।मंगलवार को जो ट्रेनें रद्द की गई, उनमें से ज्यादातर ट्रेनें उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और पंजाब में चलने वाली ट्रेनें हैं। ऐसे में अगर आप आज ट्रेन से यात्रा करने जा रहे हैं तो घर से निकलने से पहले यह जरूर जान लें कि आपकी ट्रेन कैंसिल तो नहीं हुई है।



## छत्तीसगढ़ पुलिस के हत्थे चढ़े यूपी-एमपी के तस्कर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में नशे के कारोबारियों को पक ?ने में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। प्रदेश के कवर्धा, गरियाबंद व जशपुर में पुलिस ने एक बार फिर बड़ी गांजे की खेप पकड़ी है। गांजा की खेप को दूसरे राज्यों तक पहुंचाने तस्कर छत्तीसगढ़ के रास्तों का उपयोग कर रहे हैं। पुलिस को चकमा देने तस्कर तरह-तरह के पैतरे भी अपना रहे हैं। गरियाबंद जिले में तस्करों ने बोलेरो गाड़ी में शादी का पर्चा लगा लिया था। पुलिस को शक न हो इसलिए तस्करों ने गाड़ी में 2 लड़कियों को भी बैठा रखा था। बावजूद तस्करों की यह चालाकी काम नहीं आई। पुलिस ने तीनों जगहों पर कार्रवाई करते हुए हुए लगभग 475 किलो गांजा जब्त किया है, जिसकी अनुमति 1 करो ? 70 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर सभी को जेल भेज दिया है।



## साउथ चाइना सी में लैंडिंग के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हुआ अमेरिकी वॉरप्लेन

**एजेंसी।** साउथ चाइना सी में अमेरिकी एयरक्राफ्ट कैरियर यूएसएस कार्ल विन्सन पर लैंडिंग के दौरान - 35 प्लेन दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसके बाद पायलट ने खुद को प्लेन से इजेक्ट कर लिया। इस हादसे में 7 सैन्य जवान घायल हो गए। नेवी ने बयान जारी करके बताया कि हादसा साउथ चाइना सी में रुटीन फ्लाइट ऑपरेशन के दौरान हुआ। पायलट ने खुद को सुरक्षित तरीके से प्लेन से निकाला और उसे बाद में अमेरिकी सेना के हेलिकॉप्टर की मदद से रिकवर किया गया। पायलट की हालात स्थिर है।



## दिल्ली और यूपी समेत इन राज्यों में शीतलहर का सितम

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर, यूपी और हरियाणा समेत उत्तर भारत के कई राज्यों में बीते कई दिनों से जोरदार ठंड हो रही है। लेकिन अभी इससे निजात नहीं मिलने वाली है। मौसम विभाग का कहना है कि हा ? कंपाने वाली सर्दी अभी कुछ दिन और जारी रह सकती है। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर की वादियों में एक तरफ जमकर बर्फबारी हो रही है तो वहीं मैदानी इलाकों में इसका असर शीतलहर के कहर के तौर पर देखा जा रहा है। मनाली, मसूरी और शिमला में तापमान में माइनस एक डिग्री सेल्सियस तक गिर गया है। इसके अलावा मैदानी इलाकों की बात करें तो दिल्ली में 6, जयपुर में 7 और भोपाल में तापमान 8 डिग्री सेल्सियस है।यही नहीं यूपी के लखनऊ, इलाहाबाद, झांसी और काशी समेत तमाम शहरों में सर्दी का कहर जारी है। इस बीच मौसम विभाग का कहना है कि अगले 2 से तीन दिन देश के उत्तर पश्चिमी राज्यों में शीत लहर चलेगी और ठंडे दिन रहेंगे। ठंडे दिन उन्हें कहा जाता है, जिनमें सीजन की सबसे ज्यादा सर्दी दर्ज की जाए। उत्तर पश्चिम उत्तर प्रदेश और आसपास के इलाकों में पश्चिमी विक्षोभ का असर दिख रहा है। झारखंड, बिहार जैसे पूर्वी राज्यों में भी सर्दी काफी ज्यादा है। मौसम विभाग के मुताबिक मैदानी इलाकों की बात करें तो झारखंड से लेकर पंजाब तक वेस्टर्न डिस्टर्बेंस का असर दिख रहा है।



## सवाल? आखिर कटनी में कहां से आया इतनी बड़ी मात्रा में नीला केरोसिन

**कटनी।** कांग्रेस नेता के पेट्रोल पंपों पर सोमवार को भी कार्रवाई जारी रही। इस दौरान बसाड़ी स्थित उनके एक अन्य पंप से भी सैंपल लिए गए। अपर कलेक्टर रामानुस टोप्पो ने बताया कि यहां स्टॉक से 57 लीटर अधिक डीजल जब्त किया गया है। यहां के सैंपल लिए गए हैं। वहीं पुलिस इस बात की जानकारी जुटाने में लगी है कि आखिर इतनी बड़ी मात्रा में नीला कैरोसीन मिला है। आखिर यह नीला कैरोसीन आया कहां से। एसपी सुनील जैन ने बताया कि केरोसीन कहां से आया पुलिस इसी बात की जांच में लगी है। बॉयोडीजल के मामले में पुलिस को राजस्थान के गंगापुर की पर्ची मिली है। यहां पर जांच के लिए पुलिस टीम भेजी जाएगी। वहीं यह बात भी कही जा रही है कि कैरोसीन से पेट्रोलपंप का संबंध नहीं है लेकिन पुलिस इस बात का पता लगाने में जुटी है कि आखिर यह यहां खड़े ही क्यों थे। इसके अलावा टैंक में बायोडीजल मिक्स क्यों किया गया। किस स्तर पर मिक्स किया गया। इसकी जानकारी भी जुटाई जा रही है। इसके लिए सैंपल करवाए गए हैं। वहीं एक नबंर की दो बसों के संबंध में भी पुलिस पता लगाने में जुटी है। इसके लिए आरटीओ कार्यालय भी जांच में लगा है। बस के चेचिस नंबर सहित अन्य चीजों का मिलान किया जा रहा है।

## कैसे कटेगी गर्मी जब सर्दी में ही नहीं हो पा रही जलापूर्ति, शहर-गांव हर जगह किल्लत

### जमीन का जल स्तर दिनोंदिन जा रहा नीचे, नदियों की धार भी सूखी



**कटनी।** कटनी जिले में पेयजल समस्या निरंतर गंभीर होती जा रही है अब पूरे 6 माह काटना है। शहरी क्षेत्र में नगर निगम पहले ही जलसप्लाई में कटौती कर चुका है। अब ग्रामीण क्षेत्रों की नलजल योजनाओं पर भी खतरा मंडरा रहा है क्योंकि गांवों में बोरवेल के माध्यम से पानी की आपूर्ति की जाती है जमीन का जल स्तर कम होने से जिन गांवों में पानी की सप्लाई बोरवेल फिर ओव्हर हेड टेंक से की जाती है वहां ओव्हर हेड टेंक ही नहीं भर पा रहे । शहर में बीते दिनों बारिश हुई थी लेकिन यह बारिश जलापूर्ति के लिए किसी काम की नहीं। शहर हो पानी की सप्लाई करने वाली कटनी नदी की धार टूट चुकी है। पीने के पानी के लिए परेशान हो रहे रहवासी परेशान हो रहे हैं। कटनी शहर में रहवासी मूलभूत सुविधाओं को तरस रहे हैं। पिछले दो दशकों से सड़क, नाली सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं है। पिछले दो दशकों से सड़क, नाली सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं है। आमजनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यहां न तो प्रकाश की व्यवस्था की गई है और न ही सड़क का निर्माण हुआ है। इससे बारिश के दिनों में लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पीने के पानी के लिए भी कई किलोमीटर का चक्कर लगाना पड़ता है। क्षेत्र में बिजली की व्यवस्था नहीं होने के कारण बच्चों की पढ़ाई भी चौपट हो रही है। नाम एक आवेदन सौंपकर विकास कार्यों की मांग की। कैलवारा क्षेत्र के लोगों का कहना है कि क्षेत्र में पिछले 20 वर्षों से कई क्षेत्रों में यहां पर सही ढंग से बिजली व्यवस्था भी नहीं है। इससे आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## अब फसल भुगतान की जद्दोजहद

### `कोरोना के बढ़ते संक्रमण के बीच फसल बेच अब अपने रुपए लेने की जद्दोजहद में जिले के किसान



**किटनी।** पहले फसल बेचने की समस्या फिर बारिश से फसल बचाने की समस्या अब जैसे तैसे फसल बिकी तो इसकी कीमत लेने की समस्या कटनी जिले के बहोरीबंद तहसील की ग्राम बाकल स्थित जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में किसानों की परेशानी कम होने का नाम ही नहीं ले रही है। बैंक में करीब 60 गांवों के किसान खाताधारक हैं, जहां से किसान अपनी जरूरतों के हिसाब से लेनदेन करते हैं। वहीं, किसान अपनी उपज को उपार्जन केंद्रों में बेचता है जिसकी राशि इसी जिला सहकारी बैंक के खातों में पहुंचती है और वही राशि को निकलवाने किसान जब बैंक पहुंचते हैं तो उन्हें कई दिनों तक अपनी मेहनत से उपजाई फसल की कमाई लेने के लिए भटकाया जाता है। किसानो का कहना है कि, रोजाना बैंक आकर लाइन में दिनभर खड़े होना पड़ता है, यहां न तो कोविड गाइड लाइन की चिंता न ही लोगों के स्वास्थ्य की चिंता आम आदमी भीड़ लगाए तो तमाम सरकारी नियम लेकिन सरकार की गल्ती से भीड़ इकठ्ठी हो तो कौन दोषी पता नहीं।

## संक्षिप्त

### आयकर विभाग की टीम ने की छापेमारी, दो प्रतिष्ठानों में खंगाले दस्तावेज

**कटनी।** आयकर विभाग की टीम के द्धारा आज शहर में कई प्रतिष्ठानों में छापेमारी की गई। बताया जाता है कि विनम्र ग्राफिक्स व संजय ट्रेडिंग कंपनी में आयकर विभाग की टीम पहुंची। दोनों ही प्रतिष्ठानों के रिकार्ड खंगाले गए। हालांकि अभी यह पता नहीं चल सका है कि आयकर विभाग की टीम को जांच के दौरान गड़बड़िया मिली है या नहीं। समाचार लिखे जाने तक आयकर विभाग की जांच जारी थी।

न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ
यश भारत
कलर क्लासीफाइड
1 दिन - 150/-
3 दिन - 250/-
7 दिन - 500/-
15 दिन - 1200/-
30 दिन - 1800/-
साईज- 5x1
आवश्यकता, खरीदना-बेचना अपने व्यापार को बढ़ावा दें
बुकिंग हेतु संपर्क करें
यश भारत
कचहरी चौक, कटनी
फोन:- 07622-230033
Email :- katni@yashbharat.com

## कटनी से अधिकांश छात्र बड़े शहरों में करते हैं पढ़ाई, कोविड से लौट चुके अपने घर

# ऑफलाइन एग्जाम पर अड़ी सरकार



**कटनी।** मध्यप्रदेश की सरकार आफ लाइन पर अड़ी है जबकि बड़े शहरों में पढ़ने वाले अधिकांश छात्र अपने घर वापस लौट चुके हैं। मामला हाईकोर्ट तक पहुंच गया है। कोरोना से बड़े शहरों में छात्र संक्रमित हो रहे है इन सब के बाद भी सरकार अभी तक ऑफ लाइन एग्जाम करने पर तैयारी कर रही है। जानकर बताते हैं कि सिर्फ इंदौर शहर की बात की जाए तो यहां 90 प्रतिशत स्टूडेंट्स वापस जा चुके हैं। डिपार्टमेंट में सिर्फ 10 प्रतिशत स्टूडेंट्स बचे हैं। ऑफलाइन क्लास ऐसी कंडीशन में पॉसिबल नहीं है इसलिए डेट आगे बढ़ा दी गई है। यही स्थिति भोपाल, ग्वालियर जबलपुर में भी है। सवाल यह कि आखिर ऑफ लाइन एग्जाम को लेकर सरकार ने अपना प्रतिष्ठा का प्रश्न क्यों बना लिया है।

आपको बताना जरूरी है कि कटनी से हायर एजूकेशन के लिए सैकड़ों छात्र प्रदेश के बड़े शहरों में जाते हैं। यहां होस्टल या फिर किराए का घर लेकर रहते हैं। ऐसे छात्रों में कोरोना की शुरूआत में ही लॉकडाउन के भय से अपने घर लौटने का फैसला ले लिया था। कटनी से अधिकांश दूसरे शहरों में रह कर पढ़ाई करने वाले छात्रों के समक्ष मुशीबत यह है कि वे कहां रह कर परीक्षा दें कालेजों के होस्टल तथा किराए के कमरे भी छोड़ चुके हैं।

इंदौर के देवी अहिल्या विश्वविद्यालय मैनेजमेंट ने इस सिलसिले में पहले भी उच्च शिक्षा विभाग से स्पष्ट मार्गदर्शन मांगा था। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ मोहन यादव लगातार ऑफलाइन कक्षाओं और परीक्षाओं के लिए जिद पर अड़े हुए हैं। जब तक स्टूडेंट्स को ऑनलाइन अथवा ओपन बुक पैटर्न पर परीक्षाओं की उम्मीद थी, तब तक वो रुके रहे लेकिन जैसे ही सरकार ने अपने स्टैंड क्लियर किया और हाई कोर्ट का डिसीजन आया, स्टूडेंट्स वापस अपने-अपने घरों की तरफ लौट गए। उधर राजीव गांधी प्रोधोगिकी विवि ने सबसे पहले अपनी परीक्षा को ऑनलाइन कराने का निर्णय ले लिए था इसका फायदा यह हुआ कि छात्रों ने तैयारी कर ली थी पर एमपी बोर्ड सहित प्रदेश के तमाम यूनिवर्सिटी अभी तक स्टैंड क्लियर नहीं कर पाई। अब देखना दिलचस्प होगा कि सरकार छात्रों के वापस जाने की खबरों के बाद क्या डिसिजन लेती है।

### बोर्ड परीक्षार्थी सबसे ज्यादा चिंता में

जैसे जैसे बोर्ड परीक्षा का समय नजदीक आ रहा है वैसे वैसे छात्रों की उलझन बढ़ती जा रही हैं। सरकार भले ही बोर्ड परीक्षा के समय पर होने की बात कह रही है लेकिन प्रदेश में कोरोना के बढ़ते मामलों से फरवरी में परीक्षा हो पाए यह कहना कठिन है। अगर परीक्षा होती भी है तो दूर दराज के परीक्षा केन्द्रों में कोविड गाइड लाइन का पालन करना भी टेढ़ी खीर होगा। फिलहाल बच्चे घर से प्री बोर्ड एग्जाम दे रहे हैं। सरकार का तर्क भी जायज है कि प्रदेश के ग्रामीणा क्षेत्रों में आनलाइन एग्जाम की सुविधा नहीं है ऐसे में सिर्फ दो ही विकल्प है या तो सीधे तौर पर परीक्षा केन्द्रों तक छात्रों को बुलाया जाए या फिर सीधे मूल्यांकन के आधार पर परीक्षा का रिजल्ट बनाया जाए। बहरहाल कुछ भी हो लेकन सरकार को जल्द निर्णय लेना होगा वरना छात्रों की पढ़ाई और रिजल्ट दोनों प्रभावित होंगे। परीक्षा को लेकर छात्र संगठन भी विरोध में हैं।

### प्राइवेट स्कूल के छात्र छात्राओं के लिए भी सरकारी स्कूल में बनेंगे परीक्षा केंद्र

प्रदेश में कक्षा दसवीं और कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं 17-18 फरवरी से शुरू होने जा रही हैं। कोरोना के बढ़ते संक्रमण के बीच इस बार माध्यमिक शिक्षा मंडल ने परीक्षा केंद्रों में इजाफा किया है। बोर्ड परीक्षाओं के लिए प्रदेश भर में 10 फीसदी परीक्षा केंद्रों की संख्या बढ़ाई गई है। कोरोना गाइडलाइन के साथ बोर्ड परीक्षाएं प्रदेश भर में आयोजित की जाएंगी। मध्यप्रदेश में कोरोना का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है। कोरोना के बढ़ते संक्रमण के बीच माध्यमिक शिक्षा मंडल सोशल डिस्टेंसिंग के साथ परीक्षाएं कराने को लेकर तैयारियां कर रहा है। इस बार 300 से 400 अतिरिक्त परीक्षा केंद्र तैयार किए जाएंगे। प्रदेश भर में कक्षा दसवीं कक्षा बारहवीं के 18 लाख परीक्षार्थियों के लिए इस बार ज्यादा परीक्षा केंद्र तैयार कराने को लेकर तैयारियां शुरू की जा रही है। साल 2020 में मंडल ने 3864 परीक्षा केंद्र तैयार किए थे, तो अब इस साल इन परीक्षा केंद्रों में 10 फीसदी का इजाफा होने जा रहा है। माध्यमिक शिक्षा मंडल प्राइवेट परीक्षार्थियों के लिए भी सरकारी स्कूलों में ही परीक्षा केंद्र तैयार कराने जा रहा है। कोरोना संक्रमण विद्यार्थियों के लिए परेशानी ना हो इसके लिए 3 किलोमीटर में ही परीक्षा केंद्र बनाने को लेकर निर्णय लिया है। प्राइवेट स्कूलों के परीक्षा केंद्र सरकारी स्कूल में ही तैयार किए जाएंगे। कक्षा 10वीं कक्षा 12वीं की परीक्षाएं 17और 18 फरवरी से आयोजित हो रहे हैं। परीक्षा केंद्रों पर सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराया जाएगा। एक सीट छोड़कर छात्र छात्राओं को परीक्षा केंद्रों पर बिठाया जाएगा। छात्र छात्राओं के बीच करीब 6 फीट की दूरी अनिवार्य रहेगी। परीक्षा केंद्र पर छात्र-छात्राओं के लिए मास्क जरूरी होगा. छात्र छात्राओं को परीक्षा केंद्रों पर थर्मल स्क्रीनिंग के बाद ही प्रवेश दिया जाएगा.

## छात्रा सोनल एवं साक्षी ने बढ़ाया कटनी का सम्मान



**कटनी।** कटनी से राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत दो छात्राओं ने नाम रौशन किया है छात्रा सोनल वाधवा शासकीय कन्या महाविद्यालय कटनी की तथा साक्षी सोनिया तिलक कालेज की छात्रा है जिन्होंने एक उत्कृष्ट स्वयंसेवक होने का परिचय दिया उन्होंने दो राष्ट्रीय स्तर शिविर एवम् एक राष्ट्रीय युवा योजना के अन्तर्गत अंतरराष्ट्रीय शिविर में सहभागिता कर अनेक गतिविधियों में भाग लिया हैं अभियान के तहत सोनल तथा साक्षी ने शिक्षित राष्ट्र बनाने हर घर में शिक्षा को पहुंचाना के उद्देश्य को लेकर शिक्षित भारत अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है इनके द्वारा 42 लोगों को अक्षर ज्ञान एवं 20 शाला त्यागी बच्चों को पुन: प्रवेश तथा वर्तमान में 950 विद्यार्थियों को कार्यशाला के माध्यम से शिक्षा का महत्व स्पष्ट किया है। इसी तरह जल है तो कल है का अर्थ स्पष्ट करते हुए 1024 लोगों साइंस मॉडल नुक्कड़ नाटक एवं रैली के माध्यम से जागरूक किया एवं 04 तालाब गहरीकरण,03 नदियों की सफाई, करते हुए जल संरक्षण के लिए कार्य किया है। इसी तरह गांधी जी के सपनों को साकार करने स्वच्छता का देश में अब त्योहार करना विषय पर अपने साथियों के साथ अनेक गांव में स्वच्छता की अलख जगाई है। वर्तमान में इन दोनो छात्राओं ने 655 पौधों का रोपण किया एवं 742 पौधों का रोपण करवाया। वहीं रक्तदान जरूरतमंदों को जीवनदान को बढ़ावा देते हुए न सिर्फ स्वयं रक्त दान किया एवं 193 लोगों से रक्तदान करवाया।

कोविड काल में में छात्राओं के द्वारा मास्क व सैनिटाइजर बनाकर उसका वितरण किया घर घर अनाज वितरण किया एवम् लोगो को रोड पेंटिंग वॉल पेंटिंग सोशल मीडिया के माध्यम से जागरूक किया है। नेत्रदान प्रतिज्ञा, पशु चिकित्सा, चिकित्सा शिविर, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान , पल्स पोलियो अभियान, ई-ट्रांजेक्शन कार्यशाला, नशा मुक्त भारत एवं महाविद्यालय के महत्वपूर्ण कार्यों में अपना सहयोग प्रदान किया है। इन्ही उल्लेखनीय कार्यों के लिए छात्रा सोनल वाधवा तथा साक्षी सोनिया को राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना के पुरूस्कार से सम्मानित किया गया है। छात्राओं की इस उपलब्धि से कटनी गौरवान्वित है।


## नगर निगम की टीम ने काटे चालान, बिना मास्क मिले 30 लोगों से वसूला जुर्माना



**कटनी।** कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए जिले में मास्क लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। सोमवार शाम माधवनगर गेट में नगर निगम की टीम में शामिल आधा दर्जन से अधिक कर्मचारियों ने वाहनों की जांच की। जांच के दौरान ऐसे दो पहिया वाहन चालकों को रोका जा रहा था, जो बगैर मास्क के शहर की सड़कों से गुजर रहे थे। बगैर मास्क के शहर की सड़कों से निकलने वाले दो पहिया वाहन चालकों के खिलाफ नगर निगम की टीम द्वारा चालान काटे गए। नगर निगम की टीम ने बगैर मास्क लगाए वाहन चालकों से दो सौ रुपए का जुर्माना भी वसूल किया। कुछ वाहन चालक कार्रवाई देख दूर से ही रास्ता बदलकर जाते हुए नजर आए। नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि वर्तमान में कोरोना संक्रमण शहर में तेजी से बढ़ रहा है, ऐसे में सभी को सार्वजनिक स्थानों में मास्क लगाने की हिदायत दी गई है, जो व्यक्ति सार्वजनिक स्थानों में मास्क लगाए नहीं मिलता है उनके खिलाफ चालानी कार्रवाई करते हुए जुर्माना वसूल किया जाता है। माधवनगर गेट में नगर निगम की टीम द्वारा कार्रवाई 30 वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई।

यदि आप तक समय पर
यश भारत
नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें
फोन :- 230033

नीरज सिनेप्लेक्स में




शानदार 40वें दिन की ओर
रोजाना 3 शो ता. 14 से
दोपहर 12,3 एवं 6 बजे से
PUSHPA
(हिन्दी में)
कलाकार- आलू अर्जुन, रश्मिका मदाना, फदाह फासिल, अनसुईया भारद्वाज आदि।
टिकट दर- बॉक्स- 120/-, बालकनी क्लास- 100/- अपर क्लास-80/-, लोवर क्लास -60/-

mgm HOSPITAL
एम.जी.एम. में अब जनरल सर्जन एवं पेट रोग विशेषज्ञ अब 24 घण्टे उपलब्ध।



Our Specialist
डॉ.एस.के.सिंह
M.B.B.S., M.S.
सीनियर जनरल एण्ड लेप्रोस्कोपी सर्जन
पूर्व चिकित्सक-
पोद्दार हॉस्पिटल , कोलकाता।
25 वर्ष का दूरबीन सर्जरी एवं अन्य सर्जरी का अनुभव।
आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत इलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध।
For Appointment call or Visit
OPD Timing - Everyday 10:30AM to 02:30PM & 05:30PM-09:00PM
mgm HOSPITAL
एम.जी.एम. HOSPITAL
कचहरी चौक, फारेस्ट प्ले ग्राउंड के सामने, कटनी (म.प्र) 483501
फोन नं: 07622-405070-71-72
Email: info@mgmhospitalkatni.com
Website: www.mgmhospitalkatni.com

सिटी मॉल बरही रोड में
शानदार 40वें दिन की ओर
रोजाना 3 शो ता. 14 से
1,4 एवं सायं 7.30 बजे से




PUSHPA (हिन्दी में)
कलाकार- आलू अर्जुन, रश्मिका मदाना, फदाह फासिल, अनसुईया भारद्वाज आदि।

यश भारत

# सिटी न्यूज़

कटनी, मंगलवार, 25 जनवरी 2022

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

# जनवरी में 800 के करीब पहुंचे कोरोना केस

कटनी। कोरोना संक्रमण की रफ्तार जिले में जोर पकड़ती जा रही है। पिछले तीन दिनों से आधा सैकड़ा से ज्यादा पॉजिटिव केस सामने आ रहे हैं। कोरोना संक्रमित होने वाले मरीजों की संख्या भी हर दिन बढ़ती जा रही है। एक्टिव मरीजों का आंकड़ा भी बढ़ता जा रहा है। महामारी को लेकर बरती जा रही बेपरवाही का ही नतीजा है कि जिले में जनवरी के महीने में ही कुल संक्रमित मरीजों की संख्या 800 के करीब पहुंचने जा रही है। राहत की बात यह है कि जिले में अभी तक ओमिक्रोन वैरिएंट का एक भी केस नहीं मिला है। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि अभी तक जितने भी पॉजिटिव केस मिले हैं, उसमे से करीब 97 प्रतिशत मरीज होम आइसोलेशन पर हैं।

## औसतन हर दिन 40 लोगों की रिपोर्ट आई पॉजीटिव, एक्टिव केस बढ़ रहे

### 526 सेम्पल की रिपोर्ट में 81 नए पॉजिटिव केस



जिले में कल सोमवार की शाम 526 सेम्पल की रिपोर्ट में 81 नए पॉजिटिव केस मिले हैं। जानकारी के मुताबिक 22 जनवरी को 526 लोगों के सेम्पल जांच के लिए प्राइवेट लैब भेजे गए थे, जिसकी रिपोर्ट कल शाम को मिली है। स्वास्थ्य विभाग के हेल्थ बुलेटिन के मुताबिक जनवरी के महीने में कुल संक्रमित मरीजों की संख्या 791 हो गई है। इसके अलावा कुल एक्टिव केस भी 491 के आसपास है। अब तक 300 मरीजों ने कोरोना को मात दी है।

**राहत ये कि 300 ने दी कोरोना को मात और एक भी मरीज हॉस्पिटलाइज्ड नहीं**

### स्वास्थ्य विभाग का हेल्थ बुलेटिन

| | | |
|---|---|---|
| जिले में एक्टिव मरीज | - | 491 |
| कोविड वार्ड में भर्ती मरीज | - | 00 |
| होम आईसोलेशन में रखे गए मरीज | - | 491 |
| आरटीपीसीआर सेम्पल | - | 336 |
| आरएटी सेम्पल | - | 550 |
| अब तक लिए गए सेम्पल | - | 362194 |
| कुल प्राप्त रिपोर्ट | | 361414 |
| अब तक कुल संक्रमित मरीज | - | 9542 |
| अब तक संक्रमित मरीजों की मौत | - | 300 |

### यह रखें सावधानी

0 बगैर मास्क घर से बाहर नहीं निकलें।
0 जरूरी काम होने पर सोशल डिस्टेसिंग का पालन करते हुए बाहर निकलें।
0 अपना काम निपटा कर तुरंत घर पहुंचे।
0 भीड़-भाड़ वाले इलाकों में जाने से बचें।
0 घर से बाहर केवल जरूरी चीजों की खरीदी करने ही निकलें, व्यर्थ की शॉपिंग में समय खराब न करें।
0 आजकल ऑनलाइन खरीदी भी बेहतर ऑप्शन है, इसका उपयोग कर भी घर से बाहर निकलने से बच सकते हैं।
0 थोड़े बहुत भी लक्षण नजर आए तो टोल फ्री नंबर पर कॉल करें या समीपस्थ चिकित्सक को दिखाएं।

### जनवरी में अब तक मिले कोरोना केसेस

| | |
|---|---|
| 01 जनवरी | 00 |
| 02 जनवरी | 00 |
| 03 जनवरी | 00 |
| 04 जनवरी | 00 |
| 05 जनवरी | 00 |
| 06 जनवरी | 00 |
| 07 जनवरी | 05 |
| 08 जनवरी | 03 |
| 09 जनवरी | 05 |
| 10 जनवरी | 05 |
| 11 जनवरी | 22 |
| 12 जनवरी | 21 |
| 13 जनवरी | 45 |
| 14 जनवरी | 67 |
| 15 जनवरी | 129 |
| 16 जनवरी | 64 |
| 17 जनवरी | 55 |
| 18 जनवरी | 34 |
| 19 जनवरी | 58 |
| 20 जनवरी | 50 |
| 21 जनवरी | 57 |
| 22 जनवरी | 62 |
| 23 जनवरी | 95 |
| 24 जनवरी | 81 |

### बाजारों में दिख रही बेपरवाही, सोशल डिस्टेसिंग का भी नहीं रखा जा रहा ध्यान

शादियों का सीजन शुरू होने के बाद शहर के बाजारों में लोगों की भारी भीड़ उमड़ रही है। इस दौरान लोगों द्वारा सोशल डिस्टेसिंग का भी ध्यान नहीं रखा जा रहा। दुकानों में इसको लेकर उदासीनता देखी जा रही है। यहां दुकानदारों के साथ ही ग्राहकों को बिना मास्क लगाए आसानी से देखा जा सकता है। कोरोना की पहली और दूसरी लहर के दौरान भयानक त्रासदी झेल चुके शहर के लोगों में इस तरह की बेपरवाही आश्चर्यजनक है।

**गणतंत्र दिवस पर नजर आ रहा कोरोना संक्रमण का असर**

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर रोक परेड और झांकियों का प्रदर्शन होगा



कटनी। 73वें गणतंत्र दिवस पर पिछली बार की तरह इस बार भी कोरोना संक्रमण का असर साफ नजर रहा है। राज्य सरकार द्वारा जारी की गई गाइडलाइन के चलते गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह में न तो बच्चों की परेड होगी और न ही सांस्कृतिक कार्यक्रम। मुख्य समारोह में आने वाले लोगों को मास्क पहनकर ही प्रवेश दिया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस की तरह इस बार गणतंत्र दिवस पर भी मुख्य समारोह झिंझरी स्थित पुलिस लाइन मैदान पर आयोजित किया जा रहा है। पिछले एक सप्ताह से मुख्य समारोह की तैयारियां की जा रही है। पुलिस, एसएएफ और होमगार्ड के जवान परेड की रिहर्सल में जुटे हुए थे। 24 जनवरी को कलेक्टर प्रियंक मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन की उपस्थिति में परेड की अंतिम रिहर्सल की गई। जानकारी के मुताबिक मुख्य समारोह 26 जनवरी को सुबह 9 बजे से आयोजित किया गया है। जिसमे कलेक्टर प्रियंक मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में ध्वजारोहण करते हुए परेड की सलामी लेंगे। इसके उपरांत प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा आम जनता के नाम संदेश का वाचन किया जाएगा। इसके उपरांत जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों द्वारा राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं को लेकर झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा। इस बार सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित नहीं किए जा रहे हैं। मुख्य समारोह में कोविड गाइडलाइन का पालन कराया जाएगा।

**झिंझरी पुलिस लाइन मैदान पर आयोजित हो रहा मुख्य समारोह**

### फॉरेस्टर प्ले ग्राउंड के लिए जल्द शुरू होगा जन आंदोलन

कटनी। फॉरेस्टर द्वारा नगर के खिलाड़ियों के लिए दान में दी गई फारेस्टर खेल मैदान की भूमि को खुर्द-बुर्द कर खिलाड़ियों और खेलप्रेमियों के सपनों को ध्वस्त करने का प्रयास किया जा रहा है। पहले इस भूमि का कुछ हिस्सा राज्य परिवहन डिपो के लिए नजूल विभाग द्वारा लीज में दे दिया गया। अब लीज समाप्त हो गई तो उसको बेचने के लिए पत्राचार शुरू हो गया है। खिलाड़ियों का कहना है कि इस सम्पूर्ण भूमि से जितने भी अवरोध है, उन्हें हटाकर खिलाड़ियों के लिए वृहद स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स' बना उनके सपनों को पूरा किया जाए। नगर के मध्य में इतनी आसानी से पहुंच वाली भूमि कहीं भी उपलब्ध नही है। फिर ये भूमि तो पहले से ही खेल मैदान के लिए दान दी गई थी। राज्य सरकार और जिला प्रशासन को इस ओर ध्यान देना चाहिए।

# बसंत पंचमी से होगी नए कार्यों की शुरूआत

### 5 फरवरी को मनाया जाएगा पर्व



कटनी। हिन्दू धर्म के अनुसार माघ महीने के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को बसंत पंचमी के रूप में मनाया जाता है। बसंत पंचमी के दिन विद्या और कला की देवी सरस्वती जी की पूजा का विधान कई वर्षों से चला रहा है। इसी के साथ बसंत पंचमी के दिन बसंतोत्सव की शुरुआत हो जाती है और होली तक चलती है। हिंदू धर्म के अनुसार इस खास पर्व की शुरुआत रतिकाम महोत्सव से होती है और इस साल बसंत पंचमी का पर्व 5 फरवरी को मनाया जाएगा। मान्यता है कि बसंत पंचमी के ही दिन ब्रह्मा जी ने सृष्टि की भी रचना की थी, इसी दिन से नए कार्यों की भी शुरुआत करना अच्छा माना जाता है। जैसे कोई नई विद्या आरंभ करना, नया काम शुरू करना, बच्चों का मुंडन संस्कार, अन्नप्राशन संस्कार, गृह प्रवेश या अन्य कोई शुभ काम करना बड़ा ही अच्छा माना जाता है

### बसंत पंचमी का शुभ मुहूर्त

पंचमी तिथि प्रारंभ : 05 फरवरी 3 बजकर 48 मिनट से शुरू।
पंचमी तिथि समाप्त : 06 फरवरी 3 बजकर 46 मिनट।



## विजयराघवगढ़ में मनाई गई पूर्व विधायक की पुण्यतिथि

विजयराघवगढ़। लाल अवधराज सिंह बघेल सरस्वती विद्यालय के आधार स्तंभ एवं पूर्व विधायक स्व. दादा लाल राजेंद्र सिंह बघेल की पुण्यतिथि पर स्व. लाल अवधराज सिंह बघेल उमा विद्यालय में उनके पौत्र अचिंत्य सिंह बघेल एवं विद्यालय परिवार के आचार्यों द्वारा उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डालकर छात्र छात्राओं को जानकारी प्रदान कर उनके छायाचित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके अतुलनीय योगदान को याद किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य अनुराग स्वामी, वरिष्ठ आचार्य, अशोक सैनी, सुनील गौतम, अजय परोहा, सन्तोष सोनी, राम किशोर विश्वकर्मा, राजेश बहेली, अनूप राजपूत, मीना नामदेव, निशा गौतम, मिथलेश गुप्ता, प्रतिमा बर्मन, संजय केवट सहित विद्यालय के छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।

# विजयराघवगढ़ में बंदरों के आतंक से लोग परेशान





विजयराघवगढ़। नगर परिषद क्षेत्र सहित जनपद क्षेत्र में भी इन दिनों भारी संख्या में बंदरों के झुंड पहुंचकर फसल सहित घर गृहस्थी का सामान भी चौपट कर देते है। ज्ञातव्य हो कि विगत दशकों पूर्व नगर पंचायत प्रशासन के द्वारा जनहित को ध्यान में रखकर मथुरा से बन्दर पकड़ने बाले विशषज्ञों को बुलवाकर सैकड़ों बन्दरों को पकड़वाकर अन्यत्र भेजा गया था, तब से बन्दरों के उत्पात से शांति मिलने के बाद अब कुछ महीनों से फिर स्थिति पूर्ववत हो चुकी है। वर्तमान में बन्दरो से स्थानीयजनों का जीना दुश्वार हो गया है। खुलेआम निडरता से बन्दरों का समूह घरों के अंदर घुसकर तमाम खाद्यान्न सामग्री खा जाते हैं, इतना ही नहीं मौका पाते ही लोगों के ऊपर धावा बोल देते है। ये बंदर अब तक अनेकों लोगों को घायल कर चुके है। अनुविभागीय अधिकारी एवं नगर परिषद प्रशासन से जनापेक्षा की गई है।कि किसी बड़ी दुर्घटना से पूर्व बन्दरो को पकड़वाने की ब्यवस्था की जाय।

**घरों के अंदर घुसकर पहुंचा रहे नुकसान, लोगों को कर रहे घायल**

**किराये से देना है**

**सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति**
**सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति**
**पता- बीजेपी कार्यालय के सामने जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)**
**मो. 8109417340**

# बड़वारा में एनएसयूआई ने फूंका उच्च शिक्षा मंत्री का पुतला

### ऑनलाइन परिक्षाए कराए जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन, सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी



कटनी। बड़वारा शासकीय महाविद्यालय में सोमवार को एनएसयूआई के राष्ट्रीय समन्वयक अंशु मिश्रा के निर्देशानुसार एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष मोहमद इस्माइल के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ मोहन यादव का पुतला दहन किया गया। इस दौरान पुलिस और एनएसयूआई कार्यकर्ताओं के बीच झूमाझटकी भी हुई। बड़वारा एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष मोहम्मद इसराइल ने बताया कि प्रदेश सरकार छात्र विरोधी सरकार है। सरकार एवं उनके मंत्री सैकड़ों छात्र.छात्राओं की जान को खतरे में डाल रही है। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन छात्रहितों को देखते हुए ऑनलाइन परीक्षाएं कराए जाने की मांग लगातार महाविद्यालय प्रशासन एवं राज्य सरकार से कर रहा है लेकिन गूंगी बहरी सरकार छात्रों की जान खतरे में डालने पर तुली हुई है। देश प्रदेश एवं जिले में संक्रमण का कहर तेजी से फैल रहा है। ऐसे में छात्र छात्राओं की परीक्षाएं ऑनलाइन कराना वाजिब नहीं होगा। इस संबंध में राष्ट्रीय छात्र संघ ने पूर्व में भी ज्ञापन सौंपकर ऑनलाइन परीक्षा दिलाए जाने की मांग की थी, लेकिन मांगों को पर गौर नहीं किया गया, जिसके बाद छात्र-छात्राओं ने एनएसयूआई के नेतृत्व में बड़वारा थाना तिराहे पर उच्च शिक्षा मंत्री का पुतला फूंककर विरोध प्रदर्शन किया। एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर सरकार बच्चों के जीवन के साथ खिलवाड़ करेगी तो पूरे मप्र में राष्ट्रीय छात्र संघ चरणबद्ध तरीके से आंदोलन धरना प्रदर्शन करेगी। इस अवसर पर मुकेश दाहिया, राघवेंद्र सिंह, दीपक मौर्य, ताहिर खान, शिवा रैदास, अंकुश पाटकर, रीतू सिंह, चांदनी कोल, नेहा विशकर्मा, सुधा केवट, आरती विश्वकर्मा, धर्मेंद्र कनोजिया, अभिषेक दाहिया, अम्बिका रैशस, कैलाश रावत की उपस्थिति रही।

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार मोहन लाल उर्फ राकेश केशरवानी पिता श्री लक्ष्मी प्रसाद केशरवानी उम्र लगभग 58 वर्ष निवासी-बलदाउ टेन्ट के सामने चंद्रशेखर आजाद वार्ड , कटनी जिला कटनी की भूमि खसरा नंबर 12/35 रकवा 0.272 प.ह.नं. 45/2 नया 43 रा.नि.मं. मुड़वारा-1 इंद्रा गांधी वार्ड स्थित है। जिसकी चौहद्दी पूर्व में चम्मूलाल कोरी पश्चिम में रामस्वरूप उत्तर में कच्चा रास्ता दक्षिण में लल्ला पटेल की जमीन स्थित है, इस भूमि के संबंध में मेरे पक्षकार के द्वारा एक व्यवहारवाद क्रमांक-आर.सी.एस.ए. 125/2021 पक्षकार मोहनलाल उर्फ राकेश केशरवानी विरूद्ध शंकरलाल वल्द प्यारेलाल एवं रविन्द्र चौदहा पिता जीवन लाल चौदहा विचाराधीन है। इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से आम जनता को सूचित किया जाता है कि शंकरलाल कोरी एवं रविन्द्र चौदहा के द्वारा मेरे पक्षकार की उपरोक्त वर्णित भूमि को अपनी भूमि बताकर विक्रय करने के प्रयास में है, यदि किसी व्यक्ति द्वारा मेरे पक्षकार की उपरोक्त वर्णित भूमि को क्रय किया जाता है तो उसे किसी प्रकार का स्वत्व व उससे व्युत्पन्न अधिकार प्राप्त नहीं होंगे। अतः आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार की उपरोक्त वर्णित भूमि से संबंधित किसी भी प्रकार का संव्यवहार न करें। **कटनी दिनांक 25.01.2022**

**अरूण खरे, एडवोकेट**
**वी.के. मोटर्स कटनी म.प्र. मो.नं. 9399029410**

### गांधीद्वार के सामने रोज लग रहा जाम

कटनी। गांधी द्वार पर हर दिन जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। यहां दुपहिया वाहनों की अस्त व्यस्त पार्किंग की वजह से राहगीरों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा झंडा बाजार की तरह से आने वाले लोडर और अन्य मालवाहक वाहनों का भी आवागमन गांधी द्वार से हो रहा है। शहर की अराजक यातायात व्यवस्था सुधारने की तरफ किसी का ध्यान नहीं है। पुलिस चालानी कार्यवाही में लगी हुई है तो अतिक्रमण दस्ता भी नदारत है। वाहनों की बेतरतीब पार्किंग की वजह से यहां दिन में कईयों बार जाम की नौबत आ रही है। जिसके चलते राहगीरों के साथ वाहन चालक परेशान हैं।

**कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति कटनी**
**जिला कटनी ( म.प्र. )**

ई-मेल- apmckatni@gmail.com
दूरभाष नं. 07622240063

क्रमांक/मंडी/निर्माण/2021-22/3091 कटनी, दिनांक 24.01.22

## निविदा आमंत्रण सूचना

सर्वसंबंधितों को सूचित किया जाता है कि अधोलिखित विवरण अनुसार मंडी प्रांगण कटनी में पूर्व से निर्मित केन्टीन भवन का निर्धारित शर्तों के अधीन मासिक किराये पर निर्धारित प्रीमियम जमा हेतु केन्टीन संचालन के इच्छुक व्यक्तियों/व्यवसायियों से दिनांक 17.02.2022 सायं 5.30 बजे तक धरोहर राशि रुपये 32,000 ( बत्तीस हजार रु. ) की एफ.डी.आर. जो कि सचिव कृषि उपज मंडी समिति कटनी के नाम से देय हो सहित सीलबंद प्रस्ताव/निविदायें, तीन लिफाफा पद्धति में जिसमें प्रथम लिफाफे में निर्धारित एफ.डी.आर. द्वितीय लिफाफे में निविदा प्रपत्र एवं तृतीय लिफाफे में प्रथम तथा द्वितीय लिफाफा रखकर तृतीय लिफाफे के ऊपर "केन्टीन आवंटन हेतु निविदा" लिखकर केवल पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा आमंत्रित की जाती है। निर्धारित निविदा प्रपत्र ( आवेदन ) व शर्तें दिनांक 14.02.2022 तक अवकाश दिवस को छोड़कर कृषि उपज मंडी समिति कटनी से राशि रुपये 2000.00 ( दो हजार रुपये ) नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते हैं। निर्धारित दिनांक 17.02.2022 तक प्राप्त निविदायें दिनांक 18.02.2022 को समय दोपहर 12.00 बजे मंडी कार्यालय कटनी में उपस्थित निविदाकारों के समक्ष खोली जावेगी। विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. | भवन/संरचना का नाम जिसका आवंटन किया जाना है एवं निर्मित स्थल | संख्या | धरोहर राशि | न्यूनतम निर्धारित प्रिमीयम राशि | निर्धारित न्यूनतम वार्षिक किराया राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1. | केन्टीन भवन मंडी प्रांगण कटनी | 01 | 32,000 ( बत्तीस हजार ) | 64000/- रुपये | अधिकतम बोली ( निविदा की राशि ) वार्षिक किराया होगी जो मासिक किश्तों में देय होगी। |

प्रमुख शर्तें : 1. उच्चतम प्रस्ताव/निविदा बोली देने वाले व्यक्ति को मंडी समिति से लिखित सूचना प्राप्त होने के 07 दिवस के अंदर केन्टीन की प्रीमियम राशि दिये गये प्रस्ताव ( निविदा ) अनुसार जमा करनी होगी, एवं शासन द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार इसी समयावधि के अंदर किरायेदारी का अनुबंध निष्पादित कर केन्टीन का आधिपत्य प्राप्त करना होगा अन्यथा जमा की गयी धरोहर राशि राजसात कर ली जावेगी।
2. शेष अन्य नियम व शर्तें अवकाश दिवस को छोड़कर दिनांक 14.02.2022 तक देखी व प्राप्त की जा सकती है।
3. मंडी समिति द्वारा निर्धारित शर्तानुसार केन्टीन भवन में कृषकों/हम्मालों/तुलावटियों हेतु संचालित 5/- नगद थाली भोजन योजना का संचालन केन्टीन संचालन के साथ किया जाना अनिवार्य होगा।
4. केन्टीन के मासिक किराये राशि के साथ शासन द्वारा अधिरोपित जी.एस.टी. की राशि पृथक से देय होगी।

भारसाधक अधिकारी/एस.डी.एम.
कृषि उपज मंडी समिति कटनी
जिला कटनी

सचिव
कृषि उपज मंडी समिति कटनी
जिला कटनी

**न्यायालयः- प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय कटनी, जिला-कटनी म.प्र.**

(उपस्थिति हेतु नोटिस)

**(आदेश-5, नियम-20 (1) व्यवहार प्रक्रिया संहित )**

प्रो.क्रं.- 180/22
प्रकरण क्रमांक- 06/2021
पेशी दिनांक :- 24/03/2022
धारा- आ.9 नि.9 सहपठित धारा
151 व्य.प्र.सं. हि.वि.अधि.
1. श्री सत्येन्द्र मिश्रा पिता स्व. श्याम सुंदर मिश्रा, उम्र 45 वर्ष निवासी- ग्राम सरसवाही, थाना स्लीमनाबाद, जिला-कटनी म.प्र.।

.........**आवेदक**

**।। बनाम।।**

श्रीमती सुनीता मिश्रा पिता दशरथ प्रसाद अग्निहोत्री, पति सत्येन्द्र मिश्रा, उम्र 40 वर्ष, निवासी- ग्राम हिरवारा, थाना एन.के.जे., जिला-कटनी एवं ग्राम C/o दीपा अग्निहोत्री, करमेता मेन रोड जबलपुर, थाना माढ़ोताल, जिला जबलपुर,मप्र

.........**अनावेदिका**

प्रति,

श्रीमती सुनीता मिश्रा पिता दशरथ प्रसाद अग्निहोत्री, पति सत्येन्द्र मिश्रा, उम्र 40 वर्ष, निवासी-ग्राम हिरवारा, थाना एन.के.जे. जिला कटनी एवं ग्राम C/o दीपा अग्निहोत्री, करमेता मेन रोड जबलपुर थाना माढ़ोताल, जिला जबलपुर म.प्र.।

आपके विरूद्ध इस न्यायालय के समक्ष आवेदक द्वारा उक्त उन्मानी प्रकरण एम.जे.सी. क्रं. 06/2021 अंतर्गत धारा- आ.9नि.9 सहपठित धारा 151 व्य.प्र.सं. के तहत संस्थित किया जाता है। अतः आप दिनांक 24/03/2022 को इस न्यायालय के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता सहित उपस्थित होकर अपना पक्ष कथन रखें। अनुपस्थिति की दशा में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी। उक्त तिथि को किसी कारणवश इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाने पर प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस में की जावेगी

**आज दिनांक - 21/01/2022 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की पदमुद्रा सहित जारी किया गया।**

**(आर.पी. सोनी) प्रधान न्यायाधीश**
**कुटुम्ब न्यायालय कटनी (म.प्र.)**

**In The Court of I Civil Judge Class-I, District Court, katni**
**Presiding Officer: अग्नीन्ध्र कुमार द्विवेदी**
**आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम**
**सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MJC SUC/0000003/2020)**
**पप्पू कोल..................................आवेदक**
**Vs**
**आम जनता ..................................अनावेदक**

**Process Id- /2022**
**पेशी दिनांकः- 16/02/2022**

प्रेषिती - (1) आम जनता पता- कटनी जिला कटनी म.प्र.
(2) इलाहाबाद बैंक द्वारा शाखा प्रबंधक पता- शाखा पहरूआ खमतरा तह. ढीमरखेड़ा जिला-कटनी म.प्र.

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक पप्पू कोल पिता भरत कोल पता ग्राम झिन्ना पिपरिया, थाना व तहसील ढीमरखेड़ा, जिला-कटनी, म.प्र. ने मृतक मंगलगिरी कोल पिता स्व. रत्ती कोल निवासी ग्राम झिन्ना पिपरिया, थाना व तहसील ढ़ीमरखेड़ा, जिला-कटनी म.प्र. के द्वारा इलाहाबाद बैंक शाखा पहरूआ में एक बचत खाता था जिसका खाता क्रमांक 50383859598 है जिसमें जमा 38755/- (अड़तीस हजार सात सौ पचपन रूपए) उक्त संपूर्ण राशि/ संपत्ति हेतु उतराधिकारी अथवा अभिभावक/ सरंक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 16 फरवरी 2022 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदन को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/ संरक्षक होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो तो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 16 फरवरी 2022 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा। **आज यह तारीख 20 जनवरी 2022 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।**

**न्यायालय की मुद्रा**

**(अग्नीन्ध्र कुमार द्विवेदी)**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड कटनी के न्यायालय के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश जिला-कटनी (म.प्र. )**

## शैलेंद्र बरुआ का अल्प प्रवास



मध्यप्रदेश पाठ्यपुस्तक निगम के अध्यक्ष शैलेंद्र बरुआ का कटनी अल्प प्रवास हुआ। इस दौरान युवा मोर्चा जिला महामंत्री मयंक गुप्ता, शिवम शर्मा, दिलराज सिंह, निहाल सोनी, संजीव गुप्ता, सागर तोमर, नीरज दुबे आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पीटी होगी ना परेड, कार्यक्रम पर भी रोक

### गणतंत्र दिवस पर केवल होगा ध्वजारोहण

**कैमोर।** देश के 72 वें गणतंत्र दिवस पर इस बार भी कोविड प्रोटोकॉल का ग्रहण रहेगा जिसके चलते राष्ट्रीय पर्व के इस मौके पर इस बार भी न तो पीटी-परेड का आयोजन होगा ना ही देशभक्ति का संदेश देने वाले रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी। खेल स्पर्धाएं, फैंसी ड्रेस, अन्नपूर्णा और पुरुस्कार वितराम जैसे आयोजन भी नही किये जा सकेंगे। मुख्य समारोह में कुछ चुनिंदा अधिकारियों की मौजूदगी में मुख्य अतिथि द्वारा केवल ध्वजारोहण किया जाएगा। राष्ट्र गान होगा तथा एसीसी के सुरक्षा कर्मियों की एक टोली ध्वज को सलामी देगी।

उल्लेखनीय है कि कैमोर नगर में हर साल गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह एसीसी के विशाल रामलीला मैदान में आयोजित किया जाता था जिसमें नगर के सभी प्रमुख स्कूलों के विद्यार्थी, एनसीसी कैडेट्स, एसीसी का वाच एंड वार्ड डिपार्टमेंट और एस एम ई आई के छात्र भाग लेते थे। सामूहिक मार्च पास्ट के बाद पीटी और छोटे बच्चों के रंगारंग कार्यक्रम भी होते थे। मुख्य अतिथि के रूप में एसीसी के डायरेक्टर प्लांट द्वारा ध्वजारोहण कर तिरंगे झंडे को सलामी दी जाती थी। फैंसी ड्रेस और अन्नपूर्णा का आयोजन भी होता था। एसीसी में 25 साल और 35 साल की सेवा अवधि पूर्ण करने वाले श्रमिकों, कर्मचारियों को दीर्घ सेवा पदक, प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया जाता था। फोटो शेसन के बाद प्रथम चरण का कार्यक्रम समाप्त हो जाता था।



दूसरे चरण में दोपहर 2 बजे से रामलीला मैदान में अनेक खेल और मनोरंजक स्पर्धाएं आयोजित की जाती थी। भारी संख्या में नागरिक इन आयोजनों में उपस्थित रहते थे। 26 जनवरी के एक पखवाड़े पहले से ही व्यक्तिगत और टीम स्पर्धाओं का सिलसिला शुरू हो जाता था। 26 जनवरी की शाम पुरुस्कार वितरण का वृहद आयोजन होता था। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर एसीसी जिमखाना के टेनिस कोर्ट स्टेडियम में सभी स्कूलों के बच्चों के बीच सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी होती थी। बेहतर प्रस्तुतियों को पुरस्कृत किया जाता था। पूरे आयोजन की तैयारियां कई दिन पहले से शुरू हो जाती थी।

पिछले साल से कोविड प्रोटोकॉल के चलते यहां आयोजित होने वाला गणतंत्र दिवस समारोह काफी संछिप्त कर दिया गया है। स्कूली बच्चे अब कार्यक्रम में शामिल नहीं किये जाते। पीटीए परेड और सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर भी रोक लग चुकी है। इस बार भी ऐसे कोई आयोजन गणतंत्र दिवस पर नहीं होंगे। केवल ध्वजारोहण का कार्यक्रम होगा। सुबह निर्धारित समय पर डायरेक्टर प्लांट के आर रेड्डी रामलीला मैदान पहुंचेंगे जहां कंपनी के कुछ चुनिंदा अधिकारियों एवं सुरक्षा कर्मियों की छोटी सी टुकड़ी द्वारा उनकी अगवानी की जाएगी। मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण किया जायेगा। राष्ट्रगान के साथ ही कार्यक्रम समाप्त हो जाएगा। एसीसी में 25 और 35 साल की सेवा अवधि पूर्ण कर चुके श्रमिकों, कर्मचारियों को गणतंत्रदिवस समारोह के बजाये किसी अन्य दिन कार्फ्रेंस हाल में दीर्घ सेवा के लिए सम्मानित किया जायेगा।

एसीसी रामलीला मैदान के अलावा एवरेस्ट इंडस्ट्रीज, नगर परिषद कार्यालय, श्रमधाम कालेज, कैमोर साइंस कॉलेज, थाना भवन, सभी शैक्षणिक संस्थानों एवं सार्वजनिक स्थलों पर भी ध्वजारोहण का कार्यक्रम कोरोना प्रोटोकॉल के साथ ही आयोजित किया जाएगा। संडे मार्केट के श्रम उद्यान खलवारा बाजार के भारत द्वार और पेट्रोल पंप बस स्टैंड में भी हर साल की तरह इस साल भी ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।



# नवनिर्मित राम मंदिर में विराजे प्रभु श्रीराम जानकी

### श्री विग्रह प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव मे हुए धार्मिक आयोजन

**कटनी।** श्रीराम हर्षण मंडल द्वारा श्रीराम हर्षण नगर, गहोई कालोनी, मंडी रोड मे विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के बीच पूरे विधि विधान से नवनिर्मित श्रीराम मंदिर में भगवान श्री राम, माता जानकी जी की मूर्ति स्थापना की गई। विग्रह प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में मंदिर परिसर में 17 जनवरी से धार्मिक आयोजन शुरू हुए। आयोजन समिति ने बताया कि 17 जनवरी को अखंड संकीर्तन बैठकी, 18 को अखंड संकीर्तन विश्राम एवं 19 को कलश स्थापना हुई।

इसी तरह 20 जनवरी को देव आवाहन, विग्रह जलाधिवास, 21 को विग्रह अन्नाधिवास हुआ। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा एवं राजोपवार पूजन और 22 जनवरी को दिव्य दर्शन एवं प्रसाद वितरण हुआ। श्रीराम मंदिर में आयोजित सभी धार्मिक कार्यक्रमों में भक्तों ने बड़ी संख्या में शामिल होकर प्रभु के दर्शन और प्रसाद ग्रहण किया।

# नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर पतंजलि ने अर्पित किये श्रद्धासुमन



**कटनी।** पतंजलि युवा भारत, भारत स्वाभिमान, महिला पतंजलि एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संगठन द्वारा गत दिवस नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125वी जयंती उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किये गये। नेताजी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उपस्थितजनों द्वारा आजादी के संघर्ष में उनके योगदान को याद किया गया। वक्ताओं ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस के व्यक्तित्व एवं उनके सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वे हमेशा भारत के युवाओं के लिए आदर्श रहेंगे। कार्यक्रम में लखन, अभिलाश सिंह गौतम, पंकज शर्मा, अरविंद गुप्ता, अमीन खान, गायत्री जैन, दिनेश जैन, अजय बर्मन, अनिष गर्ग, सुशील साहू, प्रियांशु गुप्ता, रविंद्र यादव, शिवम मौर्य, कर्तिके, रतन लाल रजक, शहनाज खान, संदीप पुरवर, रानी, दीपक पाठक एवं समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### शिवम मौर्य को किया सम्मानित

जिले के एक छोटे से गांव हरदुआ के शिवम मौर्य जोकि कश्मीर से कन्याकुमारी तक रेप फ्री इंडिया मुहिम के तहत 5500 सौ किलो मीटर सायकल से यात्रा की है। पतंजलि युवा भारत टीम द्वारा शिवम मौर्य का सम्मान किया गया। इस अवसर पर शिवम मौर्य ने कहा कि नारी के सम्मान में अब मध्य प्रदेश के प्रत्येक जिले में जाकर लोगों को जागरूक करेंगे।



# वचन निभाकर दी आजादी, खत्म किया संग्राम, कृतज्ञ राष्ट्र का नेता जी को बारम्बार प्रणाम

### नेता जी सुभाष चंद्र बोस की 125 वीं जयंती पर काव्य गोष्ठी

**कटनी।** शिक्षा शोध समिति के तत्वाधान में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म जयंती पर काव्य गोष्ठी का आयोजन वरिष्ठ कवि चंद्र किशोर चंदन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। आमंत्रित कवियों ने स्वतंत्रता संग्राम में नेता जी के योगदान को स्मरण करते हुए अपनी रचनाओं की प्रस्तुति से मन मोह लिया। राजेश श्रीवास्तव प्रखर ने कहा कि कालखंड के शिलालेख पर नाम वही लिखवाते है, हर जीत से ऊपर उठकर जो इतिहास रचाते है पढ़कर वाहवाही प्राप्त की। जय नारायण सोनी अम्बर कैसे होगा सागर मंथन जीवन में अवकाश नही है, सारगर्भित रचना से गोष्ठी को ऊंचाई प्रदान की। आनंद जैन अकेला ने यश कीर्ति पताका फहरे दशों दिशाओं में पड़कर नेता जी अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। क्षणिका सम्राट शरद जैसवाल ने अपनी रचना के माध्यम से नेताजी की गौरव गाथा से परिचित कराया। नवोदित कवियत्री राशि चंदेरिया ने अपनी रचना में कहा कि कोई बोस से फिर से कह दो, देने खून है हम तैयार। कहकर राष्ट्र नाव निर्माण की अपनी भावना व्यक्त की। काव्य गोष्ठी का संचालन का दायित्व शिक्षा शोध समिति के अध्यक्ष मुकेश चंदेरिया ने निभाते हुए अपनी रचनाओं की प्रस्तुति की। आजाद हिंद की फौज बनाई, फिर पहुंचे रंगून आजादी का लक्ष्य बनाकर सबसे मांगा खून। सबसे मांगा खून, अमर हो गई आपकी गौरव दस्तक, गरिमा से परिपूर्ण हो गया हम सबका मस्तक पढ़कर गोष्ठी को ऊंचाई प्रदान की। अंत में सभा की अध्यक्षता कर रहे चंद्रकिशोर चंदन ने नेता जी को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए अपनी रचनाओं से काव्य गोष्ठी को पूर्णता प्रदान की। अर्चना चंदेरिया ने सभी कवियों की उपस्तिथि पर आभार प्रगट किया गया। राष्ट्र गान से सभा का समापन हुआ।



# नई आबकारी नीति से नशा करने के लिए मिलेगा प्रोत्साहन

### आम आदमी पार्टी ने की नई आबकारी नीति को वापस लेने की मांग, कचहरी चौराहे में प्रदर्शन, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



**कटनी।** प्रदेश सरकार द्वारा कैबिनेट की बैठक में मंजूर नई आबकारी शराब नीति के फैसले को वापस लिए जाने एवं जिले में हर गांव, गलियों में बिक रही अवैध शराब, गांजा स्मैक को बंद कराने की मांग को लेकर आम आदमी पार्टी ने रैली निकालकर कचहरी चौराहे में प्रदर्शन किया, इसके उपरांत मु यमंत्री के नाम एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम आप जिलाध्यक्ष एड. सुनील मिश्रा ने कहा कि नई आबकारी नीति के माध्यम से जनता, खासकर गरीबों को नशा करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। नई आबकारी नीति, जिसमे सरकार शराब पर लगने वाले टैक्स में भारी कमी कर रही है। प्रदेश के युवाओं को और गरीबों को शराब के नशे की लत के लिए प्रेरित करेगी। नई आबकारी नीति में सरकार ने घर में शराब रखने की पुरानी लिमिट से भी 4 गुना अधिक शराब रखने की छूट प्रदान कर दी हैं। नई आबकारी नीति में होम बार, घर घर शराब ठेके, लाइसेंस प्रदान करने की छूट प्रदान कर दी गई है। सभी विदेशी शराब ठेकों पर देशी शराब और सभी देशी शराब ठेकों पर विदेशी शराब बेचने की भी मंजूरी दी गई है। जिससे अघोषित रूप से 3600 से अधिक शराब की दुकान मप्र में 1 अप्रैल से बढ़ जाएगी। नई आबकारी नीति में अब मॉल और एयरपोर्ट पर भी शराब की दुकान को मंजूरी प्रदान कर दी हैं, जिसका परिणाम ये होगा कि जिन मॉल्स में महिलाएं, बहनें बिना डर के शॉपिंग करने जा सकती थी, उन मॉल्स में भी शराब पीने वालों का जमावड़ा शुरू हो जाएगा और प्रदेश की महिलाएं और अधिक असुरक्षित महसूस करेंगी। आम आदमी पार्टी की मांग है कि आम जनता को संविधान द्वारा प्रदत्त मूलभूत अधिकारों के साथ छेड़खानी न हो एवं सरकार अपने पुराने वादे शराबबंदी को पूरा करे। जन विरोधी, महिला विरोधी, युवा विरोधी एवं छात्र विरोधी नई आबकारी नीति को तुरंत वापस लिया जाए।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष सुनील मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष विनोद शर्मा, अफरोज अहमद, आफत लाल यादव, गुप्तेश्वर साहू, सुदामा इडनानी, रंजीत मौर्य, कृष्ण कुमार कुशवाहा, रामसिया गुप्ता, सचिन चौधरी, अनिल चौधरी, सुरेश पांडेय, सुशील कुमार, मंगल कोल, सद्दू दाहिया, अभिषेक बजाज की उपस्थिति रही।

## शिवधाम में संगीतमय शिवपुराण का आयोजन 27 से

**विजयराघवगढ़।** समीपी ग्राम शिवथाम दुर्जनपुर में सप्त दिवसीय संगीतमय शिवपुराण महायज्ञ का आयोजन 27 जनवरी से 4 फरवरी तक किया जा रहा है। उक्त आयोजन में बशिष्ठ पीठ के युवराज महंत डॉ. राघवेश दास बेदान्ती जी महाराज श्रीधाम अयोध्या के मंगल सानिध्य में व्यास पीठ आसीन मानस पीठाधीश्वर जगद्गुरू रामानंदाचार्य स्वामी रामललाचार्य महाराज खजुरीताल भूतभावन भगवान शिव जी की कथा का रसपान कराएगें। आयोजक गण लक्ष्मीबाई बाला प्रसाद उपाध्याय, पूजा शशिकांत उपाध्याय, वंदना रविकांत उपाध्याय, शिवाकांत, उमाकांत, शिवानी उपाध्याय ने सभी श्रद्धालु भक्तों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर कथा श्रवण करने का आग्रह किया है।



जनशिक्षण संस्थान द्वारा राष्ट्रीय बालिका दिवस पर संगोष्ठी

# बेटे-बेटियों में न रहे कोई भेद

**कटनी।** जन शिक्षण संस्थान के सभागार में गत दिवस राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के अनुदेशक एवं लाभार्थियों ने भाग लिया। जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत संस्थान की निदेशक लाली सिंह द्वारा यह बताया गया कि बेटियों और बेटों में भेदभाव, उनके साथ होने वाले अत्याचार के खिलाफ देश की आजादी के बाद से ही भारत सरकार प्रयासरत हो गई थी। बेटियों को देश की प्रथम पायदान पर लाने के लिए कई योजनाएं एवं कानून लागू किये गए। इसी उद्देश्य से राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाने की शुरूआत हुई। देश की बेटियों को सशक्त बनाने के लिए जागरूकता बढ़ाने वाले इस खास दिन को 24 जनवरी को मनाने की वजह भी खास है। इस दिन को मनाने की शुरूआत 2009 से हुई। महिला बाल विकास मंत्रालय ने पहली बार साल 24 जनवरी 2009 को देश में राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया। यह खास वजह पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरागांधी से जुड़ी हुई है। सन 1966 में इंदिरागांधी ने देश की पहली महिला प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ ली थी। इसी कारण 24 जनवरी राष्ट्रीय बालिका दिवस के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम में प्रमुख अगन्तुकों में संस्कृति महिला मंडल की अध्यक्ष अर्चना सिंह, वृन्दा हायर सेकेंडरी स्कूल की सीनियर शिक्षिका बबीता सिंह ने राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर सभी को शुभकामनाएं दी एवं इस का महत्व बताया। कार्यक्रम में विभिन्न, व्यवसायिक प्रशिक्षण दे रहे अनुदेशकों में शकुन्तला केशरवानी, पूजा केशरवानी, रिचा खटीक, नेहा अहिरवार, नफीसा नियाजी एवं स्टॉफ हेमन्त राज अहिरवार, सौरभ श्रीवास्तव, अखिलेश यादव, नित्यांशु गहरवार, सुधाकर सिंह का सहयोग सराहनीय रहा।

# गणतंत्र पर्व की पूर्व संध्या पर लोकतंत्र के लोक उत्सव का आयोजन ऑडिटोरियम परिसर में

**कटनी।** कार्यालय कलेक्टर जिला कटनी के पत्रानुसार आजादी का अमृत महोत्सव अन्तर्गत 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस की संध्या पर लोकतंत्र के लोक उत्सव भारत पर्व कार्यक्रम का आयोजन बस स्टेण्ड स्थित ऑडिटोरियम परिसर में किया जाएगा। प्रभारी आयुक्त राकेश शर्मा ने आयोजित होने वाले कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्थाओं हेतु सहायक यंत्री आदेश जैन को प्रभारी अधिकारी नियुक्त कर कार्यक्रम की आवश्यक तैयारियों हेतु निगम संबंधित शाखाओं के अधिकारियों कर्मचारियों को दायित्व सौंपे गये है। कार्यक्रम स्थल पर मंच सज्जा, दीप प्रज्जवलन, वर्कशॉप, लाईट, साउंड, बैठक व्यवस्था, विद्युत जनरेटर, बैनर, फ्लेक्स होर्डिग्स, बैकड्राप, ग्रीन रूम, फूलमाला, बुके, मास्क, सैनेटाईजर आदि की व्यवस्था कराये जानें, कार्यक्रम स्थल एवं पहुंच मार्ग की विशेष साफसफाई एवं चूनें की लाईनिंग, डस्टबिन, आवारा मवेशियों के नियंत्रण, पेयजल व्यवस्था, फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, प्रचार प्रसार हेतु नगर के मुख्य स्थलों में कार्यक्रम से संबंधित होर्डिग्स लगवानें, वाहनों की व्यवस्थित पार्किग सहित कार्यक्रम में आनें वाले कलाकारों का स्थानीय अतिथ्य, यात्रान्थ कलाकरों के पारिश्रमिक मानदेय आदि के भुगतान संबंधी कार्यवाही का दायित्व निगम की संबंधित शाखाओं के अधिकारियों कर्मचारियों को सौपे जाकर कार्यक्रम स्थल में उपस्थित रहते हुए व्यवस्थाओं को पूर्ण करानें के निर्देश प्रदान किये गए है।

# खेलों में युवा खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

### नेहरू युवा केंद्र द्वारा जिला स्तरीय खेलकूद स्पर्धा आयोजित







**कटनी।** जिले में जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन नेहरु युवा केंद्र द्वारा गत दिवस एसीसी खेल मैदान में किया गया। जिसमें जिला खेल एवं युवक कल्याण विभाग का सहयोग रहा। इसमें खो-खो, कबड्डी, वॉलीबाल, 200 मीटर दौड़ एवं 400 मीटर दौड़ तथा गोला फेंक प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा स्वामी विवेकानन्द के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। इसके पश्चात नेहरु युवा केंद्र की जिला युवा अधिकारी कीर्तिका कुहर ने विकासखंड एवं जिला स्तरीय खेल कूद कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजय श्रीवास्तव महाप्रबंधक जिला व्यापर एवं उद्योग केंद्र सुश्री वनश्री कुर्वेती, महिला सशक्तिकरण अधिकारी विजयभार जिला खेल एवं युवक अधिकारी का स्वागत नेहरू युवा केंद्र द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में रीठी, विजयराघवगढ़, बडवारा, ढीमरखेड़ा, बहोरीबंद एवं कटनी विकासखंड के विगत दिवसों में आयोजित विकासखंड स्तरीय खेल कूद कार्यक्रम में विजेता टीमें एवं खिलाड़ियों ने भाग लिया। बालीबाल प्रतियोगिता में कटनी एसीसी क्लब विजेता एवं ढीमरखेड़ा क्लब उपविजेता रही। खो-खो में बड़वारा क्लब विजेता एवं कटनी क्लब उपविजेता रही। कबड्डी में फोरके क्लब कटनी विजेता एवं बहोरीबंद क्लब उपविजेता रही। एथलेटिक्स खेलों में 200 मीटर दौड़ बालिका में अंकिता बड़गैया प्रथम, प्रतिभा सिंह द्वितीय, स्वाति मोर्य तृतीय रही। 400 मीटर दौड़ बालक में अमन पटेल प्रथम, आयुष राय द्वितीय, सिद्धार्थ डुमार तृतीय रहे। गोला फेंक में एकलव्य प्रताप सिंह प्रथम, अनुराग तिवारी द्वितीय, रोहन तिवारी तृतीय रहे। कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्यातिथि रामानुस टोप्पो अपर कलेक्टर एवं शशांक श्रीवास्तव निर्वत्तमान महापौर के स्वागत उपरांत अपर कलेक्टर ने अपने संबोधन में नेहरु युवा केंद्र के द्वारा आयोजित कार्यक्रम के लिये बधाई दी। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा की खेल कूद के आयोजन से सिर्फ मनोरंजन ही नही बल्कि अनुशासन और लोगों के प्रति युवाओं के शारीरिक दक्षता प्रेरित करते है। महापौर ने कहा कि देश का भविष्य युवाओं के कंधे पर है, इसलिए युवाओं को अपने आप को फिट रखने की जरुरत है तथा अतिथियों ने विजयी खिलाड़ियों और टीमों को पुरुस्कार एवं प्रशस्ती पत्र से सम्मानित किया।





# दो शिविरों में जमा हुए 2 लाख 90 हजार

### वित्तीय वर्ष समापन के पहले लक्ष्य पूर्ति में जुटा निगम प्रशासन

**कटनी।** वित्तीय वर्ष 2021-22 के लक्ष्य को प्राप्त करने निगम प्रशासन द्वारा भरसक प्रयास किये जा रहे हैं। नागरिकों को लंबित करों के भुगतान में सुविधा उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से प्रत्येक वार्ड में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है जिसमें सफलता भी मिल रही है। पिछले दिनों उपनगरीय क्षेत्रों के वार्डों में शिविर लगाकर दो दिन में संपत्तिकर और जलकर की लगभग 3 लाख की राशि नगर निगम कोष में जमा कराई गई। निगम के प्रभारी अधिकारी राजस्व जागेश्वर पाठक ने बताया कि नागरिकों को नगर निगम के बकाया करों को जमा करने की सुविधा की दृष्टि से कलेक्टर प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येंद्र सिंह धाकरे के निर्देशन में प्रत्येक वार्डों में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में विगत दिवस मंगल नगर पुलिया साउथ स्टेशन के पास शिविर का आयोजन किया जाकर 73 रसीद के माध्यम से संपत्तिकर की बकाया राशि 153674 एवं जलकर की 16 रसीदों के माध्यम से 34821 रूपये निगम कोष में जमा कराई गई। नारिकों की सुविधा हेतु गत रविवार को अवकाश के दिन उपनगरीय क्षेत्र कुंदनदास स्कूल में संपत्तिकर एवं जलकर की बकाया राशि की वसूली हेतु प्रातः 10:30 बजे से शाम 5:00 बजे तक शिविर का आयोजन किया जाकर नगर निगम के राजस्व विभाग के गठित दल के कर्मचारियों द्वारा नागरिकों को उनके बकाया करों की राशि से अवगत कराते हुए बकाया संपत्तिकर की 27 रसीद काटी जाकर 86785 तथा जलकर की 7 रसीद काटी जाकर 15432 रूपये इस तरह दो दिवसों में शिविर के माध्यम से बकाया कर के रूप में कुल राशि 290712 रूपये निगम कोष मे जमा की गई।



# चोरों की तलाश में नेपाल बार्डर पहुंची पुलिस

## यूपी के गोरखपुर व रक्सौल में कई स्थानों में छापेमारी



**कटनी।** माधवनगर थाना मेन बाजार स्थित संगीता ज्वेलर्स में हुई करोड़ों रुपए की चोरी मामले में पुलिस को वारदात से कुछ दिन पूर्व एक स्थानीय युवक की मदद से दुकान के ही समीप किराए का कमरा लेकर रहने वाले नेपाल व गुजरात निवासी दो परदेशी युवकों की सरगर्मी से तलाश है। पुलिस दोनों युवकों की तलाश में कई राज्यों की खाक खानते हुए आज नेपाल बार्डर पहुंच गई है। बताया जाता है कि दोनों युवकों की लोकेशन भारत-नेपाल बार्डर से जुड़े दो शहर गोरखपुर और रक्सौल मिलने के बाद वहां पुलिस दोनों को गिरफ्त में लेने के प्रयास कर रही है। हालांकि अब तक चोरों को पुलिस पकड़ नहीं पाई है। इसके अलावा पुलिस की तीन अन्य टीमें गुजरात, छत्तीसगढ़ में भी आरोपियों की पतासाजी में जुटी हुई हैं। गौरतलब है कि दुकान के पास रोड नंबर पांच पर शांति बाई के मकान में एक सप्ताह पहले एक स्थानीय युवक की मदद से नेपाल निवासी 32 वर्षीय गोविंद बहादुर पिता झनकार सावाद और गुजरात के वलसाड निवासी 32 वर्षीय दिनेश रावत ने किराया कमरा लिया था। पुलिस को चोरी के मामले में दोनों ही किराएदारों की तलाश है। इन्हीं की तलाश में पुलिस टीम दूसरे राज्यों में भेजी गई हैं। उल्लेखनीय है कि 18-19 जनवरी की दरम्यानीरात माधवनगर थाना क्षेत्र के मेन बाजार स्थित संगीता ज्वेलर्स दुकान की दीवार में सेंध लगाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है। दुकान संचालक रवि पाहूजा के अनुसार दुकान की तिजोरी में रखे 6 किलो सोना, 10 किलो चांदी, 10 लाख के डायमंड से बने आभूषण चोरी किए गए हैं। इसके अलावा 1 लाख 5 हजार रुपए नगद भी चोरी हो गए हैं। दुकान से चोरी किए गए आभूषणों की कीमत लगभग 3 करोड़ 17 लाख 55 हजार रुपए है।

**माधवनगर मेन बाजार की सराफा दुकान में चोरी का मामला**

## चार दिन पहले प्रेमप्रसंग का आरोप लगाने वाली महिला कांस्टेबल ने एएसपी के समक्ष दर्ज कराए बयान

# टीआई संदीप अयाची मेरे पितातुल्य !

### टीआई और महिला कांस्टेबल की लव स्टोरी में आया नया मोड़

**कटनी।** बरही में पदस्थ रहे टीआई संदीप अयाची एवं एक महिला कांस्टेबल की लव स्टोरी में नया मोड़ आ गया है। महिला कांस्टेबल के हंगामे और उससे मचे बवाल के बाद लाइन अटैच टीआई संदीप अयाची पर आरोप लगाने वाली महिला कांस्टेबल खुद बचाव में उतर आई है। लाइन हाजिर संदीप अयाची की बहाली को लेकर लेडी कांस्टेबल सोमवार को कटनी पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची इस दौरान उसने अयाची को पिता तुल्य बताया है। गौरतलब है कि चंद रोज पहले जबलपुर के कोतवाली थाने में उक्त महिला आरक्षक ने बरही थाना प्रभारी संदीप अयाची से प्रेम प्रसंग के मामले को लेकर हंगामा खड़ा कर दिया था। जिसके बाद पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन ने बरही थाना प्रभारी टीआई संदीप अयाची को लाइन अटैच कर दिया था और मामले की जांच अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया को सौंप दी थी। लव स्टोरी मामले में हंगामे के बाद से ही महिला कांस्टेबल लगातार अपने बयान बदल रही है। इसके पूर्व महिला कांस्टेबल ने जबलपुर में संभागीय पुलिस अधिकारियों को शपथ पत्र देकर टीआई संदीप अयाची की मुश्किलें कम कर दी थी और अब लाइन हाजिर संदीप अयाची की बहाली के प्रयास कर रही है। सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची लेडी कांस्टेबल का कहना है कि जब मैंने कोई शिकायत की ही नहीं तो किस आधार पर उनको लाइन अटैच किया गया है। संदीप अयाची मेरे गार्जियन की तरह है और उन्होंने मेरी बहुत मदद की है। मेरी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी, भावनात्मक लगाव होने के कारण मैंने आरोप लगा दिए थे, वह मेरे पिता तुल्य हैं। बताया जाता है कि महिला कांस्टेबल के द्वारा इस संबंध में मामले के जांच अधिकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया के समक्ष भी टीआई संदीप अयाची के पक्ष में बयान दर्ज कराए हैं। अब देखना है कि महिला कांस्टेबल के बयानों के बाद अब पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन इस मामले में क्या निर्णय लेते हैं।



# 734 लीटर ओवर स्टाक डीजल जप्त

### बड़वारा में भी पेट्रोलपंप में हुई छापेमारी



**कटनी।** इन दिनों जिला प्रशासन मिलावट खोर एवं नियम विरुद्ध व्यापार करने वाले लोगों के ऊपर ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रहा है। बड़वारा क्षेत्र में तहसीलदार के नेतृत्व पर ऐसी ही कार्रवाई की गई। यहां एक पेट्रोल पंप में छापेमारी के दौरान 734 लीटर ओवर स्टार्ट डीजल बरामद हुआ। बड़वारा तहसीलदार राजेश पाण्डेय ने बताया कि मिलावट खोर एवं पेट्रोल पंपों में नियम विरुद्ध कार्य करने वाले लोगों के ऊपर कार्यवाही करने के उच्च अधिकारियों से निर्देश प्राप्त हुए थे। इसी परिपालन में संयुक्त टीम गठित कर बड़वारा तहसील क्षेत्र के जगतपुर उमरिया ग्राम के समीप स्थित नायरा पेट्रोल पंप में शिकायत मिलने पर छापेमारी की गई। जहां 734 लीटर अतिरिक्त डीजल पाया गया, जिसे जप्त कर कार्यवाही की जा रही है। डीजल पेट्रोल की जांच की जा रही है, रिपोर्ट सामने आने के बाद उचित कार्यवाही की जाएगी। कार्यवाही में बड़वारा तहसीलदार राजेश पाण्डेय, नायब तहसीलदार श्वेता मिश्रा, थाना प्रभारी अंकित मिश्रा, एएसआई रवि शुक्ला, आरआई एवं खाद्य विभाग की टीम की भूमिका रही।

# पांच ठिकानों से 22 लीटर कच्ची शराब बरामद



**कटनी।** अलग-अलग ठिकानों में दबिश देकर पुलिस ने कच्ची शराब जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध अपराध कायम किया है। स्लीमनाबाद पुलिस ने ग्राम देवरी में आम रोड पर विनोद लोधी के कब्जे से 3 लीटर कच्ची शराब, विजयराघवगढ़ पुलिस ने ग्राम बरहटी में मूलचंद बहेली के कब्जे से 5 लीटर कच्ची शराब, ग्राम बरहटा बस स्टैंड के पास शीला बाई चैधरी के कब्जे से 2 लीटर कच्ची शराब जप्त किया है। इसी प्रकार बरही पुलिस ने ग्राम करेला में धन्नू जायसवाल से 7 लीटर कच्ची शराब व बाकल पुलिस ने ग्राम सांडा में छतरी के पास रामकृपाल यादव से 5 लीटर कच्ची शराब जप्त किया है। आरोपियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# मारपीट की घटनाओं में काउंटर मामले दर्ज

**कटनी।** पुरानी रंजिश के कारण दो पक्षों में मारपीट हो गई। रिपोर्ट पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। कोतवाली अंतर्गत आधारकाप में कहासुनी से उपजे विवाद के दौरान प्रकाश गुप्ता द्वारा साहिल सौंधिया पिता सचिन सौंधिया से मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। वहीं साहिल सौंधिया ने प्रकाश गुप्ता पिता बुद्धसेन गुप्ता से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर पुलिस ने काउंटर मामला कायम किया है। इसी प्रकार स्लीमनाबाद के ग्राम ग्राम तेवरी में बाईपास रोड के किनारे दो पक्षों के बीच विवाद के दौरान दुर्गेश चक्रवर्ती ने कल्लू चक्रवर्ती पिता पल्टू चक्रवर्ती से मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी। दूसरे पक्ष से कैलाश चक्रवर्ती द्वारा दुर्गेश चक्रवर्ती पिता मोती लाल के साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई।

# हारजीत का दांव लगाते जुआरी गिरफ्तार

कटनी। हारजीत का दांव लगा रहे दो जुआरियों को पकड़कर पुलिस ने उनके विरूद्ध मामला कायम किया है। कोतवाली पुलिस ने निमिया मोहल्ला में दबिश दिया जहां पेड़ के नीचे शुभम निषाद, रोहित दुबे को तास पत्तों से रूपयों की बाजी लगाते हुए रंगे हाथों पकड़ा। जुआरियों के कब्जे से नगदी 320 रूपए और तास पत्ते जप्त कर पुलिस ने धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

## खिरहनी अंडरपास में शेड का निर्माण



कटनी । खिरहनी फाटक अंडर ब्रिज के नीचे शेड का काम पूरा हो गया है । शेड लग जाने के बाद अब यहां से निकलने वाले राहगीरों को बरसात और गर्मी में पड़ने वाली तेज धूप से राहत मिलेगी ।

# चिमनी की आग में झुलसी युवती की मौत

**कटनी।** चिमनी की आग में बुरी तरह झुलसी एक 25 वर्षीय युवती की जिला चिकित्सालय में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक पड़ोसी जिला सतना के अमदरा थाना अंतर्गत ग्राम करौंदी निवासी 25 वर्षीय पूजा यादव रविवार की शाम घर पर खाना बनाने जा रही थी। उसीदौरान चिमनी से मिट्टी का तेल ऊपर गिर गया और आग लग गई। जिससे वह बुरी तरह झुलस गई। परिजनों द्वारा तत्काल उप स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए लेकिन हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने कटनी जिला अस्पताल रिफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान सोमवार को पूजा की मौत हो गई। पुलिस ने शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मर्ग डायरी अमदरा पुलिस को भेज दी है।

# रंजिशन महिला से मारपीट

**कटनी।** महिला से मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। जानकारी अनुसार एनकेजे थानांतर्गत प्रेमनगर में रंजिश के कारण मोहित सरदार नामक युवक ने रीना तिवारी पति राजा तिवारी से मारपीट की। आरोपी ने महिला को जान से मारने की धमकी भी दिया। पीड़िता ने थाने जाकर शिकायत दर्ज कराई। जिसके आधार पर पुलिस ने मामला कायम कर जांच में लिया है।

# जुआ खेलते दो जुआरी पकड़ाए

**कटनी।** तास पत्तों से रूपयों की बाजी लगाने में मशगूल दो जुआरियों को पकड़कर पुलिस ने मामला कायम किया है। मुखबिर ने थाने में सूचना दी थी कि ग्राम झिरिया में दो युवक जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलने पर टीआई कैमोर अरविंद जैन ने पुलिस कर्मियों को तस्दीक के लिए भेजा। जब पुलिस ने मौके पर जाकर दबिश दिया तो लाल बर्मन और परमेश्वर मिश्रा तास पत्तों से हारजीत का दांव लगाते हुए पकड़े गए। पुलिस को देखकर जुआरियों ने भागने का प्रयास किया लेकिन सक्रियता दिखाते हुए पुलिस ने उन्हें मौके पर ही दबोच लिया। जुआरियों के कब्जे से तास पत्तों के अलावा नगदी रूपए जप्त कर पुलिस ने धारा 13 जुआ एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

## संतनगर की घटना में तृतीय अतिरिक्त न्यायाधीश ने सुनाई सजा

# जानलेवा हमले के आरोपियों को 3-3 माह का सश्रम कारावास



**कटनी।** कोतवाली के संतनगर क्षेत्र में गुलाब रोहरा के ऊपर चाकू से प्राणघातक हमला करने वाले अभियुक्त संतनगर निवासी 30 वर्षीय अभिषेक पाण्डे व गायत्री नगर निवासी 25 वर्षीय एंथोनी रोड्रिक को तृतीय अतिरिक्त न्यायाधीश ने 3-3 माह का सश्रम कारावास और 500-500 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अभियोजन की ओर से पैरवी अपर लोक अभियोजक शैलेन्द्र नागोत्रा ने की। अभियोजन पक्ष के मुताबिक दोनों आरोपी 13 मार्च 2018 को गुलाब के घर पहुंचकर उसके बेटे अमित का मोबाइल नंबर मांगा। जिस पर अमित का नंबर देने से मना करते हुए दरवाजा बंद कर लिया। कुछ देर बाद फिर से दोनों युवक पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। जिसका विरोध अमित के पिता गुलाब ने जताया। इस बात से नाराज होकर दोनों युवक गुलाब पर चाकू से हमला करते हुए अधमरा कर दिए। रात में ही गुलाब की पत्नी कंचन पड़ोसियों की मदद से घायल को जिला अस्पताल लेकर पहुंची। अस्पताल की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध धारा 307, 458, 34 के तहत मामला कायम करते हुए चालान न्यायालय में पेश किया। मामले की सुनवाई पूरी होने के बाद न्यायालय ने दोनों आरोपियों को सजा सुनाई।


ROYAL VINTAGE

Hire Vintage Car for Wedding

Vintage Car Rent

for Bride-Groom Entry & Auspicious Program



Contact us @ Katni : Mr. Ajay 9754005830, 957579008

बेचना है

द्वारका सिटी, बरगवां कटनी में पानी की टंकी के पास मकान नं. 236, 237 बेचना है। प्रत्येक 480 वर्गफुट का स्वतंत्र मकान छत सहित। एक कमरा, किचिन, लेटबाथ, के साथ बरामदा (क्लोज) तत्काल बेचना है। शीघ्र संपर्क करें- मो. 9977761441 9425859026

आवश्यकता है

CCTV IP Camera Installation हेतु जानकार लड़कों ( Technician) की आवश्यकता है, योग्य व्यक्ति ही संपर्क करें। Technician के पास स्वयं का स्मार्टफोन होना अनिवार्य है। वेतन योग्यतानुसार।
संपर्क- माधव इलेक्ट्रॉनिक्स झूलेलाल मंदिर के पास, गुरूनानक वार्ड, कटनी
मो. 7000922945, 9300937907

JOB OPENING
Requirement/skills
1. Tally, 2. Micro-soft Excel, Word
3. Communication Skills
The Dinesh Goods Transport Co.
Address- Near Ajay Dall Mill Madhavnagar gate Acc Post Katni m.p.
For Application
Contact- Ayush Jain
Mo. 8989020207

देवपद स्किन एवं हेयर क्लीनिक

डॉ. कनिका अग्रवाल
M.B.B.S. D.D.V. (Mumbai)
सौन्दर्य एवं चर्मरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल मुम्बई

कील मुहॉसे, दाद, खाज, खुजली, एलर्जी, टेनिंग, सफेद दाग, कुष्ठ रोग, मस्सा, तिल, कार्न वार्ट, सोराएसिस, एक्जीमा, एंटी एजिंग, नाखुन के रोग, बाल झड़ना, शिशु चर्मरोग, कान की सिलाई, पी.आर.पी केमिकल पीलिंग, मेडिफेशियल, डर्मारोलर

मिलने का समय-सुबह 9:30 बजे से दोप.11:30 बजे तक एवं सायं 4:30 बजे से सायं 7:30 बजे तक।

महावीर कीर्ति स्तंभ के सामने झंडा बाजार, कटनी मो. 7045044274

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist

डॉ. स्मिता बजाज
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

CITY Mall

ASSOCIATED WITH

BIG BAZAAR | Reliance digital | TRENDS | PLANET FASHION | U-TURN | BOLSA | GALAXY | City Pride Cinema | Food Junction | Hotel Grand Meridian | FLAVOURS | GRAVITY THE PUB

EVERYTHING UNDER ONE ROOF

City Mall, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni (M.P)
Phone : +91 7622 422408, email : citymallkatni@gmail.com

JOHNSON
Not just tiles, Lifestyles.



सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान

समर्थ मार्बल एण्ड ग्रेनाईट

पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668

यशभारत हैल्पलाइन
अखबार की प्रति के लिए फोन करें- 230033

रत्ना मैरिज गार्डन

मुड़वारा स्टेशन के पास
शहर के मध्य सुविधाओं से युक्त विशाल परिसर
बजट आपका व्यवस्था हमारी
एक बार अवश्य पधारें
शादी विवाह व अन्य आयोजन के लिए 100 व्यक्तियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था, जनवासा अलग से

पानी, बिजली और पार्किंग की बेहतर व्यवस्था



शहर के मध्य क्षेत्र में मीटिंग, कान्फ्रेंस, बर्थ-डे पार्टी एवं अन्य बड़े आयोजनों के लिए बेहतर स्थान

पाठक वार्ड, कटनी
संपर्क :- 9425466630, 7999523588

कोरोना गाइड लाइन के तहत ही सभी कार्यक्रम का आयोजन होगा



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)